दृष्टि The Vision
Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)

## मई भाग-1 2023



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

**1. सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह खाना पकाने से बचे तेल, गैर-खाद्य तेल और खाद्य तेलों सहित सामग्री के साथ बनाया गया है।
2. इसे नियमित जेट ईंधन के साथ मिलाकर एक साथ इस्तेमाल किया जा सकता है।
3. इसमें सल्फर की मात्रा कम होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

**2. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा राजा रवि वर्मा के संबंध में सही है?**

A. एक प्रसिद्ध भारतीय चित्रकार, जो अपने यथार्थवादी चित्रों और भारतीय पौराणिक कथाओं से प्रेरित चित्रकलाओं के लिये जाने जाते हैं।
B. एक प्रसिद्ध भारतीय राजनेता और स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने स्वतंत्रता के लिये भारत के संघर्ष में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
C. एक प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक जिन्होंने गणित के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।
D. एक प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार जिन्होंने शास्त्रीय संगीत में तबले के प्रयोग को लोकप्रिय बनाया।

**3. 'हेट स्पीच' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का संविधान केवल धर्म के आधार पर हेट स्पीच पर प्रतिबंध लगाता है, किसी अन्य आधार पर नहीं।
2. राज्य हेट स्पीच की घटना पर स्वत: संज्ञान से प्राथमिकी दर्ज कर सकते हैं एवं अपराधी के खिलाफ मामला दर्ज करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IIP के लिये आधार वर्ष 2017-2018 है।
2. यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है।
3. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में मुख्य उद्योगों का संयुक्त भार लगभग 40 प्रतिशत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही नहीं हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
2. भारत एशिया में चौथा सबसे बड़ा चिकित्सा उपकरणों का बाज़ार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**6. धर्म की स्वतंत्रता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. धार्मिक संगठनों को अनुच्छेद 26 के तहत चल और अचल संपत्ति खरीदने एवं रखने की अनुमति है।
2. संविधान किसी भी धार्मिक निर्देश प्रदान करने हेतु राज्य द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों को प्रतिबंधित करता है।
3. राज्य द्वारा प्रशासित लेकिन किसी भी ट्रस्ट के तहत स्थापित शिक्षा संस्थान धार्मिक निर्देश प्रदान कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

**7. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा "ब्लूवॉशिंग" की सही व्याख्या करता है?**

A. इस प्रक्रिया में भ्रामक तरीके से उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाने का प्रयास किया जाता है कि कोई कंपनी किस प्रकार से वास्तव में डिजिटल रूप से अधिक नैतिक और सुरक्षित है।

B. यह कंपनियों द्वारा नीले रंग का उपयोग करके अपने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये उपयोग की जाने वाली मार्केटिंग रणनीति है।

C. यह प्रौद्योगिकी उद्योग में साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाली कंपनियों का वर्णन करने के लिये उपयोग की जाती है।

D. यह शब्द नीले रंग के कपड़े को धोने की प्रक्रिया का वर्णन करने के लिये प्रयोग किया जाता है।

**8. 'फ्लैश फ्लड' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फ्लैश फ्लड अचानक, तीव्र और उच्च बाढ़ की स्थिति है जो भारी वर्षा या अन्य उच्चावचीय घटनाओं के कारण कुछ घंटों के भीतर घटित होती है।
2. या स्थिति तब उत्पन्न होती है जब भारी वर्षा या यह मृदा और जल निकासी प्रणालियों की जल अवशोषित करने की क्षमता से अधिक होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने की तारीख से लेकर मतदान पूरा होने तक MCC जारी रहती है।
2. यह मंत्रियों और अन्य अधिकारियों को किसी भी वित्तीय अनुदान की घोषणा करने से रोकता है।
3. MCC के अनुसार, केवल मतदाताओं और अधिकृत पार्टी कार्यकर्ताओं को ही मतदान केंद्रों में प्रवेश करने की अनुमति है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. केवल 2 और 3

नोट :

**10. पेरिस समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय के तहत कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता है।
2. पेरिस समझौते का लक्ष्य ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2oC से नीचे तक सीमित करना है।
3. पेरिस समझौते के तहत प्रत्येक देश को प्रत्येक 10 वर्ष में अपने NDC जमा करने और अद्यतन करना आवश्यक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

**11. साइकेडेलिक पदार्थों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. साइकेडेलिक पदार्थ धारणा, विचार और मनोदशा में परिवर्तन कर सकते हैं।
2. ये ज़हरीले पदार्थ या नशे की लत नहीं है।
3. उन्हें नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टेंस एक्ट, 1985 के तहत उपयोग करने की अनुमति है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

**12. भारत में इस्पात उद्योग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हरित इस्पात ऐसे इस्पात को संदर्भित करता है जो नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके उत्पादित किया जाता है।
2. चीन के बाद भारत कच्चे इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
3. राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 स्वचालित मार्ग के माध्यम से इस्पात क्षेत्र में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**13. राष्ट्रीय हरित अधिकरण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
2. यह पर्यावरणीय मामलों में स्वत: संज्ञान ले सकता है और इसे दीवानी अदालत की शक्ति प्राप्त है।
3. NGT को प्राप्त आवेदनों अथवा अपीलों को दाखिल किये जाने के 6 महीने के भीतर इनका पूरी तरह से निपटान करना अनिवार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1

C. केवल 3

D. केवल 1 और 2

**14. भारतीय संविधान के 'अनुच्छेद 16' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जन्मस्थान और निवास के आधार पर आरक्षण को प्रतिबंधित नहीं करता है।
2. यह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पक्ष में परिणामी वरिष्ठता के साथ पदोन्नति में आरक्षण का भी प्रावधान करता है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**15. बिहान मेले के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. बिहान मेला ग्रामीण कारीगरों और शिल्पकारों को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार द्वारा आयोजित एक वार्षिक मेला है।

B. यह आंध्र प्रदेश के लोगों द्वारा आंध्र प्रदेश के स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

C. यह ओडिशा में कोंध जनजाति द्वारा मनाया जाने वाला एक बीज उत्सव है।

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 142 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सर्वोच्च न्यायालय को किसी भी मामले या उसके समक्ष लंबित मामले में पूर्ण न्याय करने हेतु आवश्यक आदेश पारित करने का अधिकार देता है।
2. अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गए आदेशों को संसद द्वारा बनाए गए कानून के अनुसार पूरे भारत में लागू किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिमलीपाल टाइगर रिज़र्व में विश्व में ब्लैक टाइगर पाए जाने की दर सबसे ज़्यादा है।
2. ब्लैक टाइगर, बंगाल टाइगर की ही दुर्लभ रंग-रूप की प्रजाति है और यह कोई विशिष्ट प्रजाति या भौगोलिक उप-प्रजाति नहीं है।
3. सिमिलिपाल नेशनल पार्क यूनेस्को के विश्व नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व का एक हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**18. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से केंद्रीय प्रतिपक्ष (Central Counterparties- CCPs) के संबंध में सही नहीं है?**

1. CCP एक वित्तीय संस्थान है जो विभिन्न डेरिवेटिव और इक्विटी बाज़ारों में खरीदारों एवं विक्रेताओं के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है।
2. CCP प्रतिपक्ष परिचालन, निपटान, बाज़ार, कानूनी और डिफॉल्ट मुद्दों से जुड़े जोखिमों को कम करता है।
3. भारत में उन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) एवं भारतीय सुरक्षा और विनिमय बोर्ड (SEBI) दोनों द्वारा विनियमित किया जाता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

**नोट :**

**19. कार्बन ऑफसेटिंग एंड रिडक्शन स्कीम फॉर इंटरनेशनल एविएशन (CORSIA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CORSIA का उद्देश्य कार्बन ऑफसेटिंग, कार्बन क्रेडिट और सतत् विमानन ईंधन सहित अनेक उपायों के संयोजन के माध्यम से वर्ष 2015 के स्तर के शुद्ध CO2 उत्सर्जन को स्थिर करना है।
2. CORSIA केवल एक देश से दूसरे देश जाने वाली उड़ानों पर लागू होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**20. 'मैडेन-जूलियन ऑसिलेशन (MJO)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MJO पूर्व की ओर बादलों, वर्षा, पवनों और दबाव का विक्षोभ है।
2. जब MJO का चक्र लंबा होता है तो यह भारत में बेहतर मानसून की स्थिति लाता है।

**उपयुक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**21. किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मत्स्यपालन और पशुपालन करने वाले किसानों हेतु KCC सुविधा उपलब्ध नहीं है।
2. काश्तकार किसान और मौखिक पट्टेदार योजना के तहत पात्र नहीं हैं।
3. यह योजना लाभार्थियों को लघु और दीर्घकालिक दोनों तरह के ऋण प्रदान करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. केवल 1 और 3

**22. मुद्रा और वित्त 2022-23 पर रिपोर्ट निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा प्रकाशित की जाती है?**

A. वित्त मंत्रालय
B. भारतीय रिज़र्व बैंक
C. विश्व बैंक
D. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

**23. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा दया याचिका के संबंध में सही नहीं है?**

A. दया याचिका किसी ऐसे व्यक्ति, जिसे मौत या कारावास की सज़ा सुनाई गई है, द्वारा राष्ट्रपति अथवा राज्यपाल से दया की मांग के लिये किया गया एक औपचारिक अनुरोध है।
B. कोई भी दोषी भारत के संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत भारत के राष्ट्रपति को दया याचिका पेश कर सकता है।
C. किसी राज्य का राज्यपाल किसी कैदी को तब तक क्षमा नहीं कर सकता जब तक कि वह कम-से-कम 14 साल की जेल की सज़ा न काट चुका हो।
D. सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि दया किसी प्रकार का अधिकार नहीं है और इसका दावा नहीं किया जा सकता है।

**नोट :**

**24. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| सब्सिडी बॉक्स | सब्सिडी की प्रकृति |
| --- | --- |
| 1. एम्बर बॉक्स - | वह सब्सिडी जो किसी देश के उत्पादों को सस्ता करके **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को विकृत कर सकती हैं।** |
| 2. ब्लू बॉक्स - | घरेलू समर्थन के वे उपाय जो व्यापार विकृति का कारण नहीं **बनते हैं अथवा कम-से-कम विरूपण का कारण बनते हैं।** |
| 3. ग्रीन बॉक्स - | कोई भी समर्थन जो आमतौर पर एम्बर बॉक्स में होता है उसे **ग्रीनबॉक्स में रखा जाता है यदि इसके लिये किसानों को उत्पादन सीमित करना आवश्यक है।** |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल 1 युग्म
B. केवल 2 युग्म
C. केवल 3 युग्म
D. सभी चारों युग्म

**25. डेब्ट-फॉर-क्लाइमेट स्वैप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस स्वैप में नीतिगत प्रतिबद्धताओं के बदले ऋण को कम करना या ऋणी देशों द्वारा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिये खर्च करना शामिल है।
2. डेब्ट-फॉर-क्लाइमेट स्वैप में केवल आधिकारिक द्विपक्षीय कर्ज़ ही शामिल हो सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का संविधान, संसद के लिये चुनाव लड़ने से किसी व्यक्ति की अयोग्यता को निर्दिष्ट नहीं करता है।
2. वोहरा समिति का गठन वर्ष 1983 में इसलिये किया गया था ताकि राजनीति के अपराधीकरण से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।
3. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स बनाम भारत संघ मामले (2002) में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को अपने आपराधिक और वित्तीय रिकॉर्ड दोनों का खुलासा करना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**27. विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (FCRA), 2010 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विदेशी दान प्राप्त करने के इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति या NGO को अधिनियम के तहत पंजीकृत होने की आवश्यकता है।
2. अधिनियम चुनावों, पत्रकारों और उम्मीदवारों के लिये विदेशी धन प्राप्त करने पर रोक लगाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**28. विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह 193 सदस्य राज्यों और क्षेत्रों की सदस्यता वाला एक अंतर-सरकारी संगठन है।
2. भारत WMO का सदस्य नहीं है।
3. इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एकाधिकार और अवरोधक व्यापार व्यवहार अधिनियम, 1969 (MRTP अधिनियम) को निरस्त कर दिया गया और प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया।
2. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है जो संबंधित अधिकारियों को सलाह देता है और अन्य मामलों से भी निपटता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**30. भारत और निम्नलिखित में से किस देश के बीच "तीन वर्ष के कार्य कार्यक्रम" पर हस्ताक्षर किये गए थे?**

A. चीन

B. इज़रायल

C. मालदीव

D. सेशेल्स

**31. 'रिवर-सिटीज़ एलायंस (River-Cities Alliance- RCA) वैश्विक संगोष्ठी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RCA जल शक्ति मंत्रालय (MoJS) एवं आवास और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) की एक संयुक्त पहल है।
2. RCA कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी केंद्रीय निगरानी समिति द्वारा केंद्रीय स्तर पर और राज्य स्तर पर राज्य के मुख्य सचिव द्वारा की जा रही है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**32. गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम ( National Programme for Prevention & Control of Non-Communicable Diseases- NP-NCD ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तर पर कार्यक्रम की निगरानी और प्रबंधन के लिये एकल राष्ट्रीय NCD इकाइयाँ स्थापित की गई हैं।
2. सामान्य NCD के शुरुआती निदान, उपचार और अनुवर्ती कार्रवाई हेतु सेवाएँ प्रदान करने के लिये ज़िला स्तर पर NCD क्लीनिक स्थापित किये जा रहे हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**33. यदि अमेरिकी फेडरल रिज़र्व ब्याज दरों में वृद्धि करता है, तो भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित प्रभाव क्या हो सकते हैं ?**

1. महँगा आयात
2. स्टॉक की कीमतों में उछाल
3. भारत के बाहरी ऋण बोझ में वृद्धि

**उपर्युक्त विकल्पों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**34. चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा ( China-Pakistan Economic Corridor- CPEC ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह चीन के उत्तर-पश्चिमी युन्नान प्रांत को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से जोड़ता है।
2. इसमें औद्योगिक और ऊर्जा अवसंरचना परियोजनाओं के साथ-साथ राजमार्गों, रेलवे और पाइपलाइनों का विकास शामिल है।
3. यह अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन कॉरिडोर (INSTC) का हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**35. 'अरब लीग' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी सदस्यता केवल अरब प्रायद्वीप के अरब देशों तक ही सीमित है।
2. हाल ही में अरब लीग ने सीरिया को संगठन से निलंबित कर दिया है।
3. अलेक्जेंड्रिया प्रोटोकॉल अरब लीग से संबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1, 2 और 3
D. केवल 3

**नोट :**

**36. तारे के जीवन के संदर्भ में निम्नलिखित चरणों पर विचार कीजिये:**

1. स्वेत वामन
2. लाल विशालकाय
3. ग्रह निहारिका

उपर्युक्त चरणों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिये:

A. 3-2-1
B. 2-1-3
C. 3-1-2
D. 2-3-1

**37. वित्त वर्ष 2023 में भारत के कृषि क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. समुद्री उत्पाद, चावल, कपास और चीनी भारत के कृषि निर्यात के प्रेरक शक्ति रहे हैं।
2. खाद्य तेलों पर राष्ट्रीय मिशन की सफलता के कारण भारत के वनस्पति तेल आयात में पिछले दो वर्षों में गिरावट आई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मलेन (UNFCCC) पर पीटर्सबर्ग संवाद जर्मनी और संयुक्त अरब अमीरात द्वारा आयोजित किया गया था।
2. संवाद जलवायु अनुकूलन, जलवायु वित्त एवं नुकसान और क्षति से निपटने पर केंद्रित है।
3. संवाद ने वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने और उसके बाद वर्ष 2040 में दोगुना करने का आह्वान किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. 1, 2 और 3
D. केवल 1 और 3

**39. भारत में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत लॉजिस्टिक डिवीज़न को भारतमाला परियोजना के तहत मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने के लिये अधिकृत किया गया है।
2. इसे राष्ट्रीय राजमार्ग और रसद प्रबंधन (NHLML) नामक एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) द्वारा पूरी तरह से विकसित किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**40. हाल ही में खबरों में रहा एकता एवं श्रद्धांजलि अभियान क्या है ?**

A. पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु अभियान
B. शहीदों के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना
C. कोविड महामारी के दौरान जान गँवाने वाले अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्त्ताओं को श्रद्धांजलि देने हेतु अभियान
D. सीमा सड़क संगठन द्वारा अपने कर्मयोगियों के बलिदान और योगदान को याद करने हेतु अभियान

**41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीज़न (National e-Governance Division- NeGD) ने CISO डीप-डाइव प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।
2. यह प्रशिक्षण कार्यक्रम साइबर सुरक्षित भारत पहल (Cyber Surakshit Bharat initiative- CSBI) के तहत आयोजित कार्यशाला का हिस्सा है।
3. CSBI को NeGD के सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा लॉन्च किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1, 2 और 3
D. केवल 1 और 3

**42. ऑरोरा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ऑरोरा ऑक्सीजन और नाइट्रोजन के गैसों और कणों से मिलकर बनती है।
2. यह परिघटना पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और वायुमंडल के साथ सूर्य से आवेशित कणों की परस्पर क्रिया के कारण होती है।
3. कोरोनल मास इजेक्शन (CME) और सौर फ्लेयर्स जैसी सौर परिघटनाओं से उत्पन्न होते हैं, जो ऑरोरा की गतिविधियों में वृद्धि करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. 1, 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय सेना ने ब्रिटिश सेना से अपनी वर्दी का पैटर्न प्राप्त किया है।
2. स्वतंत्रता के बाद भारत ने लेफ्टिनेंट कर्नल पद से ऊपर की सभी रेजिमेंटल वर्दी में शामिल वस्तुओं का त्याग दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेट्रोल, 5-12 कार्बन परमाणुओं की लंबी शृंखला के साथ अल्केन्स और साइक्लोक्लकेन्स के मिश्रण से बना होता है, जबकि डीज़ल लंबवत शृंखलाओं के अल्केन्स से बना होता है।
2. डीज़ल इंजन अधिक टॉर्क (घूर्णी या टर्निंग फोर्स) प्रदान करते हैं और इनके स्थिर होने की संभावना कम होती है।
3. डीज़ल की तुलना में पेट्रोल में प्रति लीटर अधिक ऊर्जा की मात्रा होती है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**45. रवीन्द्रनाथ टैगोर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्हें बंगाली गांधी के नाम से भी जाना जाता है, वे एक असाधारण साहित्यकार और बहुज्ञ थे, जिन्हें बंगाली साहित्य एवं संगीत में उनके योगदान हेतु जाना जाता है।
2. वह वर्ष 1931 में साहित्य में पहले गैर-यूरोपीय नोबेल पुरस्कार विजेता थे।
3. टैगोर के गीतों की रचनाओं को "रवींद्र संगीत" कहा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**46. 'कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (Carbon Border Adjustment Mechanism- CBAM)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CBAM "फिट फॉर 55 इन 2030 पैकेज" का हिस्सा है, जो 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को 55% तक कम करने हेतु यूरोपीय संघ की योजना है।
2. यह सुनिश्चित करता है कि आयातित सामान यूरोपीय संघ के भीतर उत्पादित उत्पादों के समान कार्बन लागत के अधीन हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**47. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

1. फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) वैश्विक धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण पर नज़र रखने वाली संस्था है, जिसकी स्थापना वर्ष 1989 में पेरिस में G-20 बैठक में की गई थी।
2. सामूहिक विनाश के हथियारों (WMD) के विस्तार के वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिये FATF ने अतिरिक्त प्रयास किया।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**48. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. 26 जनवरी, 1952 को भारत सरकार द्वारा परमवीर चक्र, महावीर चक्र और वीर चक्र नामक पहले तीन वीरता पुरस्कारों की स्थापना की गई थी।
2. कीर्ति चक्र शांतिकाल का दूसरा सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार है।
3. वीरता पुरस्कारों की घोषणा वर्ष में दो बार की जाती है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**49. विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्त्व (EPR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने अपशिष्ट तेल पर विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्त्व (EPR) पर एक ड्राफ्ट अधिसूचना पेश की है।
2. यह उत्पादकों को उनके जीवन चक्र के दौरान उनके उत्पादों के पर्यावरणीय प्रभावों के लिये उत्तरदायी बनाता है।
3. EPR केवल ई-अपशिष्ट पर लागू होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**50. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. अटल पेंशन योजना (APY) को पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) द्वारा प्रशासित किया गया है।
2. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) को सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों (PSGIC) द्वारा प्रशासित किया जाता है।
3. प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) एक वर्ष की दुर्घटना बीमा योजना है जो केवल दुर्घटना के कारण मृत्यु होने पर कवरेज प्रदान करती है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**51. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. विकरणशील बल (Radiative Forcing) आने वाली सौर विकिरण और बाहर जाने वाली सौर विकिरण के बीच का अंतर है।
2. सकारात्मक विकिरण बल इंगित करता है कि वातावरण से बाहर जाने वाली ऊर्जा की मात्रा वातावरण में आने वाली ऊर्जा की मात्रा से अधिक है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**52. भारत में केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का भाग VIII केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित है।
2. भारत में केंद्रशासित प्रदेशों को केवल राष्ट्रपति द्वारा प्रशासित किया जाता है।
3. केवल पुदुचेरी और दिल्ली के केंद्रशासित प्रदेशों में ही विधानसभा का प्रावधान है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**53. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रोजेक्ट सक्षम | : | भारतीय रेलवे के कर्मचारियों के लिये सामूहिक कौशल अभ्यास। |
| 2. सक्षम LMIS | : | हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के लिये डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म। |
| 3. परियोजना सशक्त | : | महिला सशक्तीकरण के लिये योजना। |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं ?

A. केवल एक युग्म

B. केवल दो युग्म

C. केवल तीन युग्म

D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यदि रिक्त सीट की शेष अवधि एक वर्ष से कम है तो सरकार उपचुनाव कराने के लिये बाध्य नहीं है।
2. उपचुनावों में चुने गए उम्मीदवार को पूरे कार्यकाल के लिये चुना जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही

**55. एशिया एवं प्रशांत के लिये संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग ( UNESCAP ) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसने "द रेस टू नेट जीरो: एक्सेलेरेटिंग क्लाइमेट एक्शन इन एशिया एंड द पैसिफिक" शीर्षक से एक अध्ययन प्रकाशित किया।
2. यह बैंकॉक, थाईलैंड में स्थित एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिये संयुक्त राष्ट्र की क्षेत्रीय विकास एजेंसी है।
3. एशिया-प्रशांत क्षेत्र दुनिया के एक तिहाई ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिये जिम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 1, 2 और 3

**56. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने कैच द रेन 2023 अभियान शुरू किया है ?**

A. जल शक्ति मंत्रालय

B. ग्रामीण विकास मंत्रालय

C. पंचायती राज मंत्रालय

D. कारपोरेट कार्य मंत्रालय

**57. निम्नलिखित में से किस उपलक्ष्य में भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है?**

A. भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट का प्रक्षेपण
B. वर्ष 1998 में पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण
C. भारत के पहले स्वदेशी विमान HANSA-3 का विकास
D. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की स्थापना

**58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परयांकंडियाल बनाम के. देवी और अन्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि धर्म के प्रभाव के कारण बहुविवाह को हिंदू संस्कृति का अंग बनने की अनुमति नहीं थी।
2. जावेद और अन्य बनाम हरियाणा राज्य और अन्य मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि मुस्लिम कानून बहुविवाह की अनुमति प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्र सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ED) के प्रमुख के कार्यकाल को दो साल की अवधि से आगे नहीं बढ़ा सकती है।
2. प्रवर्तन निदेशालय (ED) को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 (PMLA) के प्रावधानों को क्रियान्वित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**60. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रशासित प्रदेश होने के नाते दिल्ली के उपराज्यपाल (L-G) को मंत्रिपरिषद की सलाह मानना बाध्यकारी नहीं है।
2. उपराज्यपाल और मंत्रिपरिषद के बीच विवाद का कोई भी मामला L-G द्वारा राष्ट्रपति को भेजा जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**61. हाल ही में निम्नलिखित में से कौन संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs) पर प्रगति की निगरानी करने वाला भारत का पहला शहर बन गया है?**

A. पुणे
B. भोपाल
C. चेन्नई
D. इंदौर

नोट :

**62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में मीथेन न केवल ग्लोबल वार्मिंग क्षमता के मामले में अधिक शक्तिशाली है, बल्कि वातावरण में इसका जीवनकाल भी लंबा है।
2. UNFCCC COP27 में लगभग 100 देशों ने वर्ष 2020 के स्तर से वर्ष 2030 तक मीथेन उत्सर्जन को कम-से-कम 40% तक कम करने के लिये वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा ली थी।
3. ग्लोबल मीथेन प्रतिज्ञा के एक भाग के रूप में भारत सरकार ने मीथेन अलर्ट एंड रिस्पांस सिस्टम (MARS) लॉन्च किया जिसके प्रशासन का कार्यभार CPCB पर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**63. समुद्र शक्ति-23 अभ्यास निम्नलिखित में से किन देशों के बीच आयोजित किया जाता है?**

A. भारत और इंडोनेशिया
B. भारत और मलेशिया
C. भारत और थाईलैंड
D. भारत और वियतनाम

**64. माइटोकॉन्ड्रिया की विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे अधिकांश यूकेरियोटिक जीवों की कोशिकाओं में पाए जाते हैं।
2. उनका अपना DNA होता है।
3. वे एडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट (ATP) के रूप में कोशिका की अधिकांश ऊर्जा उत्पन्न करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रेफाइट, लिथियम और कोबाल्ट प्रमुख दुर्लभ खनिजों में शामिल हैं।
2. भारत खनिज सुरक्षा भागीदारी (MSP) का सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

## व्याख्या भाग-1

1.

उत्तर: D

व्याख्या:

### सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (SAF):

- परिचय:
  - इसे बायो-जेट फ्यूल भी कहा जाता है, इसके उत्पादन राष्ट्रीय स्तर पर विकसित तकनीकों का उपयोग करके किया जाता है जिसमें खाना पकाने के तेल और उच्च तेल वाले पौधों के बीजों का इस्तेमाल किया जाता है।
- उत्पादन का स्रोत:
  - CSIR-IIP ने गैर-खाद्य और खाद्य तेलों के साथ-साथ खाना पकाने के लिये उपयोग में लाए जाने वाले तेल जैसे विभिन्न सामग्रियों का उपयोग करके ईंधन तैयार किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - उन्होंने पाम स्टीयरिन, सैपियम ऑयल, पाम फैटी एसिड डिस्टिलेट्स, शैवाल तेल, करंजा और जेट्रोफा सहित विभिन्न स्रोतों का इस्तेमाल किया।
- भारत में सतत् विमानन ईंधन उत्पादन के लाभ:
  - भारत में SAF के उत्पादन और उपयोग को बढ़ाने से GHG उत्सर्जन को कम करने, वायु गुणवत्ता में सुधार, ऊर्जा सुरक्षा में वृद्धि, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में रोज़गार सृजित करने तथा संधारणीय विकास को बढ़ावा देने सहित कई लाभ मिल सकते हैं।
  - यह विमानन उद्योग को अपने पर्यावरणीय लक्ष्यों को पूरा करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के वैश्विक प्रयासों में योगदान करने में भी मदद कर सकता है।
  - विमानन के लिये जैव ईंधन को नियमित जेट ईंधन के साथ मिलाकर उपयोग किया जा सकता है। पारंपरिक ईंधन की तुलना में इसमें सल्फर की मात्रा कम होती है जो वायु प्रदूषण को कम कर सकता है और शुद्ध शून्य उत्सर्जन को प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य में योगदान दे सकता है।
  - विमानन हेतु जैव ईंधन को नियमित जेट ईंधन के साथ मिलाकर एक साथ उपयोग किया जा सकता है। पारंपरिक ईंधन की तुलना में इसमें सल्फर की मात्रा कम होती है, जो वायु प्रदूषण को कम कर सकता है एवं नेट ज़ीरो (शुद्ध शून्य) उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य का समर्थन कर सकता है। **अत: कथन 2 और 3 सही हैं।**

2.

उत्तर: A

व्याख्या:

### राजा रवि वर्मा:

- वर्ष 1848 में जन्मे राजा रवि वर्मा एक प्रसिद्ध भारतीय चित्रकार थे, वर्ष 1906 में उनका देहांत हुआ।
- उन्हें भारतीय कला के इतिहास में सबसे महान चित्रकारों में से एक माना जाता है।
- वह भारतीय राजघराने के यथार्थवादी और सुस्पष्ट चित्रों के साथ-साथ भारतीय पौराणिक कथाओं से प्रेरित अपने चित्रों के लिये प्रसिद्ध हैं।
- उनकी शैली भारतीय और यूरोपीय कला तकनीकों का मिश्रण थी और उन्हें भारत में आधुनिक कला की शुरुआत करने वाले व्यक्तित्व के रूप में माना जाता है। **अत: विकल्प A सही उत्तर है।**

3.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

## हेट स्पीच:

- भारत में हेट स्पीच से तात्पर्य ऐसी अभिव्यक्तियों से है जिसका उद्देश्य व्यक्तियों के बीच घृणा, शत्रुता या वैमनस्य को बढ़ावा देना है।
- भारत का संविधान धर्म, नस्ल, जाति, लिंग और जन्म स्थान सहित विभिन्न आधारों पर हेट स्पीच का निषेध करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों को हेट स्पीच की घटनाओं पर स्वत: संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज करने और शिकायत दर्ज होने की प्रतीक्षा किये बिना अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**4.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

## औद्योगिक उत्पादन सूचकांक

- IIP एक संकेतक है जो एक निश्चित अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादों के उत्पादन की मात्रा में परिवर्तन को मापता है।
- इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा मासिक रूप से संकलित और प्रकाशित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- IIP के लिये आधार वर्ष 2011-2012 है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - आठ प्रमुख क्षेत्रों के बारे में:
  - इनमें औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में शामिल वस्तुओं के अधिभार का 40.27 प्रतिशत शामिल है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - मुख्य क्षेत्रों के आठ उद्योग उनके अधिभार के घटते क्रम में: रिफाइनरी उत्पाद> विद्युत> स्टील> कोयला> कच्चा तेल> प्राकृतिक गैस> सीमेंट> उर्वरक।

**5.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

## भारतीय चिकित्सा उपकरण क्षेत्र:

- परिचय:
  - भारत में चिकित्सा उपकरण क्षेत्र एक उभरता क्षेत्र है और स्वास्थ्य सेवा उद्योग का एक महत्त्वपूर्ण घटक है जो तेज़ी से बढ़ रहा है।
  - कोविड-19 महामारी के दौरान यह क्षेत्र काफी तीव्र गति से विकसित हुआ जब भारत ने बड़े पैमाने पर चिकित्सा उपकरणों और वेंटिलेटर, RT-PCR किट तथा PPE किट जैसे नैदानिक किट का वृहत स्तर पर उत्पादन किया था।
  - यह एक बहु-उत्पाद क्षेत्र है, इसका व्यापक वर्गीकरण इस प्रकार है:
    - इलेक्ट्रॉनिक उपकरण
    - प्रत्यारोपण
    - उपभोग्य और डिस्पोज़ेबल
    - इन विट्रो डायग्नोस्टिक्स (IVD) अभिकर्मक
    - सर्जिकल उपकरण
  - केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (Central Drugs Standard Control Organisation- CDSCO) द्वारा चिकित्सा उपकरण नियम, 2017 तैयार किये जाने तक यानी वर्ष 2017 तक यह क्षेत्र काफी हद तक अनियमित रहा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- स्थिति:
  - जापान, चीन और दक्षिण कोरिया के बाद भारत एशियाई चिकित्सा उपकरणों का चौथा सबसे बड़ा बाज़ार है तथा वैश्विक स्तर पर शीर्ष 20 चिकित्सा उपकरण बाज़ारों में से है। **अतः कथन 2 सही है।**

**6.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

## अनुच्छेद 26 (धार्मिक मामलों के प्रबंधन की स्वतंत्रता)

यह अनुच्छेद प्रत्येक धार्मिक संप्रदाय को नैतिकता, स्वास्थ्य और सार्वजनिक व्यवस्था के अधीन निम्नलिखित अधिकार प्रदान करता है:

- धार्मिक और धर्मार्थ उद्देश्यों हेतु संस्थानों की स्थापना और उन्हें बनाए रखने का अधिकार।
- धर्म के मामले में अपने स्वयं के मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार।
- अचल और चल संपत्ति अर्जित करने का अधिकार। **अतः कथन 1 सही है।**
- कानून के अनुसार ऐसी संपत्ति को प्रशासित करने का अधिकार।

अनुच्छेद 28 (कुछ शैक्षणिक संस्थानों में धार्मिक शिक्षा या धार्मिक उपासना में उपस्थिति के संबंध में स्वतंत्रता)

यह अनुच्छेद धार्मिक समूहों द्वारा चलाए जा रहे शैक्षणिक संस्थानों को धार्मिक निर्देश प्रसारित करने की अनुमति देता है।

- यह प्रावधान करता है कि राज्य द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों में कोई धार्मिक निर्देश प्रदान नहीं किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- राज्य द्वारा प्रशासित शैक्षणिक संस्थान लेकिन जो किसी बंदोबस्ती या ट्रस्ट के तहत स्थापित किये गए हों, के लिये आवश्यक है कि ऐसे संस्थानों में धार्मिक शिक्षा प्रदान की जाएगी, को उपरोक्त खंड से छूट दी गई है (कि कोई धार्मिक निर्देश प्रदान नहीं किया जाएगा)। **अतः कथन 3 सही है।**
- कोई भी व्यक्ति जो राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त किसी शैक्षणिक संस्थान में भाग लेता है या राज्य सहायता प्राप्त करता है, उसे ऐसी संस्था में प्रदान किये जाने वाले किसी भी धार्मिक निर्देश में भाग लेने या ऐसी संस्थाओं में किसी भी धार्मिक पूजा में भाग लेने की आवश्यकता नहीं होगी जब तक कि उसने इसके लिये सहमति नहीं दी है। नाबालिगों के मामले में अभिभावकों को इसके लिये सहमति देनी होती है।

**7.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

## ब्लूवॉशिंग:

- ब्लूवॉशिंग प्रक्रिया में भ्रामक तरीके से उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाने का प्रयास किया जाता है कि कोई कंपनी किस प्रकार से वास्तव में डिजिटल रूप से अधिक नैतिक और सुरक्षित है। **अतः विकल्प A सही है।**
  - यह बिल्कुल ग्रीनवाशिंग की तरह है लेकिन यह पर्यावरण के बजाय सामाजिक और आर्थिक ज़िम्मेदारी पर अधिक केंद्रित है।
  - ग्रीनवाशिंग भ्रामक विपणन का एक रूप है जिसमें एक कंपनी झूठा दावा करती है कि उसके उत्पाद, नीतियाँ या कार्यक्रम पर्यावरण के अनुकूल या लाभकारी हैं, जबकि ये व्यवहार में पर्यावरण की सहायता हेतु बहुत कम या कुछ भी नहीं करते हैं।
- 'ब्लूवॉशिंग' शब्द का इस्तेमाल पहली बार उन कंपनियों हेतु किया गया था जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पेक्ट एवं इसके सिद्धांतों पर हस्ताक्षर किये थे लेकिन कोई वास्तविक नीतिगत सुधार नहीं किया था।
  - यह कार्य प्राय: कंपनियों द्वारा अपने डेटा गोपनीयता और सुरक्षा के बारे में अस्पष्ट या निराधार दावा या कृत्रिम बुद्धिमत्ता की रक्षा एवं सुरक्षा के बारे में दावा कर किया जाता है।

नोट :

8.

उत्तर: D

**व्याख्या :**

फ्लैश फ्लड अचानक और तीव्र बाढ़ की स्थिति है यह तब देखने को मिलती है जब भारी वर्षा या यह मृदा और जल निकासी प्रणालियों की जल अवशोषित करने की क्षमता से अधिक होती है। फ्लैश फ्लड बुनियादी स्वरूप, फसलों, पशुधन और मानव जीवन को व्यापक नुकसान पहुँचा सकती है। सामान्यत: यह घटना बारिश के छह घंटे के भीतर होती है। अत: दोनों कथन सही हैं।

9.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

## आदर्श आचार संहिता (MCC):

- यह निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव से पूर्व राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों के विनियमन तथा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु जारी दिशा-निर्देशों का एक समूह है।
- यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुरूप है, जिसके तहत निर्वाचन आयोग (EC) को संसद तथा राज्य विधानसभाओं में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों की निगरानी और संचालन करने की शक्ति दी गई है।
- चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की तारीख से परिणाम की घोषणा की तारीख तक MCC जारी रहती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

## राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों हेतु MCC:

- चुनाव के दिन:
  - केवल मतदाताओं और चुनाव आयोग से वैध पास वाले लोगों को ही मतदान केंद्रों में प्रवेश करने की अनुमति है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - मतदान केंद्रों पर सभी अधिकृत पार्टी कार्यकर्ताओं को उपयुक्त बैज या पहचान पत्र दिया जाना चाहिये।
  - उनके द्वारा मतदाताओं को दी जाने वाली पहचान पर्ची सादे (सफेद) कागज़ पर होगी और उसमें कोई प्रतीक, उम्मीदवार का नाम अथवा पार्टी का नाम नहीं होगा।
- सत्ताधारी पार्टी:
  - MCC ने सत्ताधरी पार्टी के आचरण को विनियमित करते हुए वर्ष 1979 में कुछ प्रतिबंधों को शामिल किया। मंत्रियों की आधिकारिक यात्राएँ और चुनाव कार्य पृथक होने चाहिये अथवा चुनाव कार्य के लिये आधिकारिक साधनों का उपयोग नहीं करना चाहिये।
  - पार्टी को सरकारी संसाधनों की कीमत पर विज्ञापन देने अथवा चुनावों में जीत की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिये उपलब्धियों के प्रचार हेतु आधिकारिक जन मीडिया का उपयोग करने से बचना चाहिये।
  - आयोग द्वारा चुनावों की घोषणा किये जाने के समय से मंत्रियों और अन्य अधिकारियों को किसी भी वित्तीय अनुदान की घोषणा नहीं करनी चाहिये, सड़कों के निर्माण, पीने के जल की व्यवस्था आदि का वादा नहीं करना चाहिये। अन्य दलों को सार्वजनिक स्थानों तथा विश्रामगृहों का उपयोग करने की अनुमति दी जानी चाहिये और इन पर सत्ताधरी पार्टी का एकाधिकार नहीं होना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**

10.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

## जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौता:

- यह जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) के तहत एक वैश्विक समझौता है जिसे वर्ष 2015 में अपनाया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**

**नोट :**

- यह वैधानिक रूप से बाध्यकारी समझौता है।
- इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन का सामना करना और ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 20 C नीचे तक सीमित करना है साथ ही वार्मिंग को 1.50 C तक सीमित करने की महत्त्वाकांक्षा रखना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- पेरिस समझौता ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुकूल बनाने और जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने के अपने प्रयासों में विकासशील देशों को सहायता प्रदान करने के लिये एक साथ कार्य करने हेतु देशों के लिये एक रूपरेखा तैयार करता है।
- पेरिस समझौते के तहत प्रत्येक देश को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन को अपनाने के लिये अपनी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करते हुए प्रत्येक पाँच वर्ष में अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) को प्रस्तुत करने और अद्यतन करने की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

NDC, देशों द्वारा अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुकूल बनाने के लिये लिया गया संकल्प हैं।

**11.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

### साइकेडेलिक:

- साइकेडेलिक्स दवाओं का एक समूह है जो धारणा, मनोदशा और विचार प्रक्रिया को बदल देता है, जबकि व्यक्ति स्पष्ट रूप से सचेत होता है। सामान्यत: व्यक्ति की सूझबूझ या दृष्टिकोण भी अक्षुण्ण रहती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- साइकेडेलिक्स ज़हरीले पदार्थ या नशे की लत नहीं है। अवैध दवाओं की तुलना में साइकेडेलिक्स बहुत कम हानिकारक हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - दो सबसे अधिक इस्तेमाल किये जाने वाले साइकेडेलिक्स डी-लिसेर्जिक एसिड डायथाइलैमाइड (LSD) और साइलोसाइबिन (psilocybin) हैं।
- भारत नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टेंस एक्ट, 1985 साइकेडेलिक पदार्थों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**12.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

### भारत में इस्पात उत्पादन:

- उत्पादन और खपत: भारत वर्तमान में (2021 तक) कच्चे इस्पात का विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और वर्ष 2021 में तैयार इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है (दोनों मामलों में चीन से आगे)। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में महत्त्वपूर्ण इस्पात उत्पादक केंद्र: भिलाई (छत्तीसगढ़), दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल), बर्नपुर (पश्चिम बंगाल), जमशेदपुर (झारखंड), राउरकेला (ओडिशा) और बोकारो (झारखंड)।
- निर्यात: अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल सहित प्रमुख निर्यात स्थलों के साथ भारत इस्पात उत्पादों का एक महत्त्वपूर्ण निर्यातक है।
- सरकारी नीतियाँ: राष्ट्रीय इस्पात नीति की शुरुआत वर्ष 2017 में की गई थी जिसमें वर्ष 2030-31 तक 300 मिलियन टन (MT) कच्चे इस्पात की क्षमता निर्माण, 255 मीट्रिक टन का उत्पादन और 158 किलोग्राम मज़बूत तैयार इस्पात प्रति व्यक्ति खपत का अनुमान है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

- हरित इस्पात/ग्रीन इस्पात:
- इस्पात मंत्रालय ग्रीन इस्पात (जीवाश्म ईंधन का उपयोग किये बिना इस्पात का निर्माण) को बढ़ावा देकर इस्पात उद्योगों में $CO_2$ को कम करना चाहता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह कोयले से चलने वाले संयंत्रों के पारंपरिक कार्बन-गहन निर्माण के बजाय हाइड्रोजन, कोयला गैसीकरण या विद्युत जैसे निम्न-कार्बन ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके किया जा सकता है।
- यह अंततः GHG उत्सर्जन को कम करता है, लागत में कटौती करता है और इस्पात की गुणवत्ता में सुधार करता है।

**13.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

## राष्ट्रीय हरित अधिकरण

- परिचय:
- यह पर्यावरण संरक्षण और वनों तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों के प्रभावी और शीघ्र निपटान के लिये राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) अधिनियम, 2010 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- NGT की स्थापना के साथ ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के बाद भारत एक विशेष पर्यावरण अधिकरण स्थापित करने वाला विश्व का तीसरा देश बन गया, ऐसा करने वाला भारत पहला विकासशील देश है।
- NGT को प्राप्त आवेदनों अथवा अपीलों को दाखिल करने के 6 महीने के भीतर पूरी तरह से निपटान करना अनिवार्य है। **अतः कथन 3 सही है।**
- शक्तियाँ:
- किसी भी पर्यावरणीय कानूनी अधिकारों के प्रवर्तन सहित महत्त्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों से जुड़े सभी नागरिक मामले इस अधिकरण के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।
- यह पर्यावरणीय मामलों का स्वतः संज्ञान ले सकता है।
- अधिकरण के आदेश, निर्णय को दीवानी अदालत के फैसले के रूप में लागू किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आवेदन दाखिल करने के मामले में मूल अधिकार क्षेत्र के अतिरिक्त NGT के पास न्यायालय (ट्रिब्यूनल) के रूप में अपील सुनने के लिये अपीलीय क्षेत्राधिकार भी है।

**14.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 16(1) के अनुसार, राज्य के अधीन किसी भी पद पर नियोजन या नियुक्ति से संबंधित विषयों में सभी नागरिकों के लिये अवसर की समानता होगी।
- अनुच्छेद 16 (2) के अनुसार, राज्य के अधीन किसी भी पद के संबंध में धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्मस्थान, निवास या इसमें से किसी के आधार पर न तो कोई नागरिक अपात्र होगा और न उससे विभेद किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- अनुच्छेद 16(4A) के अनुसार, राज्य सरकारें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पक्ष में पदोन्नति के मामलों में आरक्षण के लिये कोई भी प्रावधान कर सकती हैं, यदि राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**

**नोट :**

15.

उत्तर: C

व्याख्या:

- बिहान मेला ओडिशा में कोंध जनजाति द्वारा मनाया जाने वाला बीज उत्सव है। किसानों द्वारा खरीफ फसलों, जिसमें धान, बाजरा, मक्का और ज्वार की संकर तथा देशी किस्में शामिल हैं, की कटाई के साथ ही इस उत्सव की तैयारी शुरू हो जाती है। **अतः विकल्प C सही उत्तर है।**

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अनुच्छेद 142 (1) सर्वोच्च न्यायालय को इस तरह की डिक्री पारित करने या किसी भी कारण या मामले में 'पूर्ण न्याय' करने हेतु आवश्यक आदेश देने के लिये व्यापक शक्ति प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- उच्चतम न्यायालय अपनी अधिकारिता का प्रयोग करते हुए ऐसी डिक्री पारित कर सकता है या ऐसा आदेश दे सकता है जो उसके समक्ष लंबित किसी वाद या मामले में पूर्ण न्याय करने हेतु आवश्यक हो और इस प्रकार पारित कोई भी डिक्री या इस प्रकार किया गया आदेश पूरे समय तक प्रवर्तनीय रहेगा।
- संसद द्वारा बनाए गए किसी कानून द्वारा या उसके तहत निर्धारित तरीके से भारत के क्षेत्र में और जब तक कि इस संबंध में प्रावधान नहीं किया जाता है, तब तक राष्ट्रपति आदेश द्वारा निर्धारित कर सकता हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

17.

उत्तर: D

व्याख्या:

## सिमलीपाल टाइगर रिज़र्व:

- परिचय:
  - टाइगर रिज़र्व के रूप में इसका चयन आधिकारिक तौर पर वर्ष 1956 में किया गया था, जिसको वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर (Project Tiger) के अंतर्गत लाया गया। भारत सरकार ने जून 1994 में इसे एक जैवमंडल रिज़र्व (Biosphere Reserve) क्षेत्र घोषित किया।
    - यह बायोस्फीयर रिज़र्व वर्ष 2009 से यूनेस्को के विश्व नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर रिज़र्व (UNESCO World Network of Biosphere Reserve) का हिस्सा है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह सिमलीपाल-कुलडीहा-हदगढ़ हाथी रिज़र्व (Similipal-Kuldiha-Hadgarh Elephant Reserve) का हिस्सा है, जिसे मयूरभंज एलीफेंट रिज़र्व (Mayurbhanj Elephant Reserve) के नाम से जाना जाता है।
- अवस्थिति:
  - यह ओडिशा के मयूरभंज ज़िले के उत्तरी भाग में स्थित है जो भौगोलिक रूप से पूर्वी घाट के पूर्वी छोर पर स्थित है।
- वन्यजीव:
  - सिमलीपाल बाघों और हाथियों सहित जंगली जानवरों की एक विस्तृत श्रृंखला का घर है, इसके अतिरिक्त यहाँ पक्षियों की 304 प्रजातियाँ, उभयचरों की 20 प्रजातियाँ और सरीसृपों की 62 प्रजातियाँ हैं।
  - सिमलीपाल टाइगर रिज़र्व में विश्व में ब्लैक टाइगर पाए जाने की दर सबसे ज़्यादा है। **अतः कथन 1 सही है।**

## ब्लैक टाइगर:

- ब्लैक टाइगर, बंगाल टाइगर की ही दुर्लभ रंग-रूप की प्रजाति है और यह कोई विशिष्ट प्रजाति या भौगोलिक उप-प्रजाति नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- ट्रांसमेम्ब्रेन एमिनोपेप्टिडेज़ क्यू (टैकपेप) जीन में एकल उत्परिवर्तन ऊपरी खाल के रंग और स्वरूप हेतु होता है जो जंगली बिल्लियों को उनका काला रंग प्रदान करता है।

**18.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

## केंद्रीय प्रतिपक्ष:

- परिचय:
  - CCP एक वित्तीय संस्थान है जो विभिन्न डेरिवेटिव और इक्विटी बाज़ारों में खरीदारों एवं विक्रेताओं के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करता है। CCPs ऐसी संरचनाएँ हैं जो वित्तीय बाज़ारों में समाशोधन और निपटान प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में सहायता करती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - CCP का प्राथमिक लक्ष्य वित्तीय बाज़ारों में दक्षता और स्थिरता को बढ़ाना है।
  - CCP प्रतिपक्ष परिचालन, निपटान, बाज़ार, कानूनी और डिफॉल्ट मुद्दों से जुड़े जोखिमों को कम करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में विनियामक:
  - मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स और फॉरेन एक्सचेंज डेरिवेटिव्स के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)।
  - CCP को भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के तहत भारत में संचालन के लिये RBI द्वारा अधिकृत किया गया है।
  - CCPs समाशोधन प्रतिभूतियों और कमोडिटी डेरिवेटिव के लिये भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)। **अतः कथन 3 सही है।**

**19.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

CORSIA:

- यह अंतर्राष्ट्रीय विमानन के कारण होने वाली $CO_2$ उत्सर्जन में वृद्धि को संबोधित करने के लिये ICAO द्वारा स्थापित एक वैश्विक योजना है।
- CORSIA का उद्देश्य कार्बन ऑफसेटिंग, कार्बन क्रेडिट और सतत् विमानन ईंधन सहित अनेक उपायों के संयोजन के माध्यम से वर्ष 2020 के स्तर के शुद्ध $CO_2$ उत्सर्जन को स्थिर करना है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह ICAO सदस्य राज्यों की विशेष परिस्थितियों और संबंधित क्षमताओं का सम्मान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय विमानन क्षेत्र में उत्सर्जन, बाज़ार विकृति को कम करने के लिये एक सुसंगत तरीका प्रदान करता है।
- $CO_2$ उत्सर्जन को संतुलित करने के लिये CORSIA पहले के उपायों के पूरक के रूप में कार्य करता है जिसे प्रौद्योगिकी प्रगति, परिचालन सुधार और कार्बन बाज़ार उत्सर्जन इकाइयों के साथ स्थायी विमानन ईंधन के उपयोग से कम नहीं किया जा सकता है।
- CORSIA केवल एक देश से दूसरे देश जाने वाली उड़ानों पर लागू होता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**20.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- MJO बादलों, वर्षा, हवाओं एवं दबाव का पूर्व की ओर बढ़ने वाला विक्षोभ है जो उष्ण कटिबंध क्षेत्रों को पार कर अपने प्रारंभिक बिंदु पर वापस लौटता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रगामी विक्षोभ मज़बूत गहरे संवहन (सक्रिय चरण) का केंद्र है, जो कमज़ोर गहरे संवहन (निष्क्रिय चरण) क्षेत्रों द्वारा दोनों तरफ से घिरा हुआ है।

नोट :

- जब MJO का चक्र छोटा होता है, जिसका अर्थ है कि यह कम समय में एक पूर्ण चक्र पूरा करता है, तो भारत में बेहतर मानसून की स्थिति देखी जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**21.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना की शुरुआत वर्ष 1998 में बैंकों द्वारा किसानों को उनकी जोत के आधार पर किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिये की गई थी ताकि किसान बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि जैसे कृषि आदानों को आसानी से खरीद हेतु उनका उपयोग कर सकें। साथ ही ये उनकी उत्पादन ज़रूरतों के लिये नकदी निकालने में भी सहायता करते हैं।
- योजना की प्रयोज्यता:
- किसान क्रेडिट कार्ड योजना वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, लघु वित्त बैंकों और सहकारी समितियों द्वारा कार्यान्वित की जाती है।
  - यह सुविधा वर्ष 2018-19 में मत्स्य और पशुपालन किसानों हेतु बढ़ा दी गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- उद्देश्य:

1. फसलों की खेती हेतु अल्पावधि ऋण आवश्यकताओं को पूरा करना;
2. कटाई के बाद का खर्च;
3. उत्पादन विपणन ऋण;
4. किसान परिवार की खपत आवश्यकताएँ;
5. कृषि संपत्तियों और कृषि से संबद्ध गतिविधियों के रख-रखाव हेतु कार्यशील पूंजी;
6. कृषि और संबद्ध गतिविधियों हेतु निवेश ऋण की आवश्यकता।

नोट: 1 से 5 तक के उद्देश्य योजना के अल्पावधि क्रेडिट सीमा भाग बनाते हैं जबकि 6वाँ दीर्घकालिक क्रेडिट हिस्से का निर्माण करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

- पात्रता:
- किसान - व्यक्तिगत/संयुक्त कर्ज़दार जो मालिक किसान हैं;
- काश्तकार किसान, मौखिक पट्टेदार और बंटाईदार; **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- किसानों के स्वयं सहायता समूह (Self Help Groups- SHG) या संयुक्त देयता समूह (Joint Liability Groups-JLG) जिसमें किरायेदार किसान, बंटाईदार आदि शामिल हैं।

**22.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

## मुद्रा और वित्त रिपोर्ट:

- परिचय:
  - यह RBI का वार्षिक प्रकाशन है।
  - रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है।
- थीम:
  - मुद्रा और वित्त पर रिपोर्ट 2022-23 का विषय 'टुवर्ड्स ए ग्रीनर क्लीनर इंडिया' है।
    - यह भारत के लिये जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और अवसरों एवं कम कार्बन तथा जलवायु-लचीले विकास पथ को प्राप्त करने में वित्तीय क्षेत्र की भूमिका पर केंद्रित है।

- लक्ष्य:
  - इसका उद्देश्य भारत में व्यापक आर्थिक और वित्तीय विकास तथा उनके नीतिगत प्रभावों पर विश्लेषणात्मक अंतर्दृष्टि प्रदान करना है।
- आयाम:
  - रिपोर्ट में भारत में टिकाऊ उच्च विकास के लिये भविष्य की चुनौतियों का आकलन करने हेतु जलवायु परिवर्तन के चार प्रमुख आयाम- जलवायु परिवर्तन के अभूतपूर्व पैमाने और गति, इसके व्यापक आर्थिक प्रभाव, वित्तीय स्थिरता के निहितार्थ एवं जलवायु जोखिमों को कम करने के लिये नीतिगत विकल्प शामिल हैं।

**23.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

दया याचिका:

- परिचय:
  - दया याचिका एक औपचारिक अनुरोध है, यह अनुरोध किसी ऐसे व्यक्ति, जिसे मृत्युदंड या कारावास की सज़ा दी गई हो, द्वारा राष्ट्रपति या राज्यपाल से दया की मांग करते हुए किया जाता है।
    - संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा और भारत जैसे कई देशों में दया याचिका के विचार का पालन किया जाता है।
    - अनुच्छेद 161:
- इसके तहत किसी राज्य के राज्यपाल के पास किसी मामले से संबंधित किसी भी कानून के खिलाफ किसी भी अपराध के लिये दोषी ठहराए गए किसी भी व्यक्ति की सज़ा को क्षमा, राहत देने, विराम या छूट देने या निलंबित करने, परिहार करने या कम करने की शक्ति होगी जिससे राज्य की शक्ति का विस्तार होता है।
  - वर्ष 2021 में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि किसी राज्य का राज्यपाल मृत्युदंड की सज़ा वाले कैदियों को क्षमा कर सकता है, लेकिन वह न्यूनतम 14 साल की जेल की सज़ा काट चुका हो। **अतः विकल्प C सही नहीं है।**
- दया याचिका दायर करने का आधार:
  - दया याचिका करना कैदी का अधिकार नहीं है। वह इसका दावा नहीं कर सकता।
  - दया या क्षमादान उसके स्वास्थ्य, शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य, उसकी पारिवारिक वित्तीय स्थितियों के आधार पर दी जाती है।

**24.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

## WTO के तहत सब्सिडी:

- एम्बर बॉक्स:
  - एम्बर बॉक्स सब्सिडी वह है जो अन्य देशों की तुलना में किसी देश के उत्पादों को सस्ता बनाकर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को विकृत कर सकती है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
    - उदाहरण: खाद, बीज, बिजली, सिंचाई और न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) जैसे इनपुट के लिये सब्सिडी।
- ब्लू बॉक्स:
  - यह "शर्तों के साथ एम्बर बॉक्स" है जो विकृति को कम करने के लिये डिज़ाइन की गई स्थितियाँ हैं।
  - कोई भी समर्थन जो आमतौर पर एम्बर बॉक्स में मौजूद होता है, उसे ब्लू बॉक्स में रखा जाता है, यद्यपि इसके लिये किसानों को उत्पादन सीमित करने की आवश्यकता होती है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**

नोट :

- ग्रीन बॉक्स:
  - घरेलू सहायता के वे उपाय जो व्यापार को न के बराबर अथवा न्यूनतम रूप से बाधित करते हैं, उन्हें ग्रीन बॉक्स कहा जाता है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
  - ग्रीन बॉक्स सब्सिडी के लिये सरकारी वित्त का उपयोग किया जाता है; फसलों हेतु कोई मूल्य समर्थन नहीं होता है।

**25.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

## डेब्ट-फॉर-क्लाइमेट स्वैप:

- डेब्ट-फॉर-क्लाइमेट स्वैप ऋणी देशों को उनके ऋण बोझ को कम करते हुए जलवायु पर सार्थक कार्रवाई करने के लिये प्रोत्साहित कर सकते हैं।
- इस स्वैप में नीतिगत प्रतिबद्धताओं या कर्ज़दार देशों द्वारा खर्च के बदले कर्ज़ को कम करना शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - आधिकारिक द्विपक्षीय और वाणिज्यिक ऋण दोनों डेब्ट-फॉर-क्लाइमेट स्वैप में शामिल हो सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - द्विपक्षीय ऋण स्वैप में जलवायु कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से सहमत परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिये आधिकारिक द्विपक्षीय लेनदारों को पहले से प्रतिबद्ध ऋण सेवा भुगतानों को पुनर्निर्देशित करना शामिल है।
- पिछले एक दशक में कम और मध्यम आय वाले देशों के बीच डेब्ट-फॉर-क्लाइमेट स्वैप अपेक्षाकृत लोकप्रिय है।

**26.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

## आपराधिक उम्मीदवारों की अयोग्यता के वैधानिक स्वरूप:

- इस संबंध में भारतीय संविधान में संसद, विधानसभा या किसी अन्य विधानमंडल चुनाव लड़ने से किसी व्यक्ति की अयोग्यता निर्दिष्ट नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिये किसी व्यक्ति को अयोग्य घोषित करने के मानदंड का उल्लेख है।

## राजनीति के अपराधीकरण के खिलाफ पहल/सिफारिशें:

- वर्ष 1983 में राजनीति के अपराधीकरण पर वोहरा समिति का गठन राजनीतिक-आपराधिक गठजोड़ की सीमा की पहचान करने और राजनीति के अपराधीकरण से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- विधि आयोग द्वारा प्रस्तुत 244वीं रिपोर्ट (वर्ष 2014) में विधानसभा में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के लिये गंभीर परिणाम उत्पन्न करने वाले आपराधिक राजनेताओं की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की आवश्यकता पर विचार किया गया है।

## राजनीति के अपराधीकरण के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय:

- एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स बनाम भारत संघ (2002):
  - वर्ष 2002 में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को शैक्षिक योग्यता के साथ अपने आपराधिक और वित्तीय रिकॉर्ड की घोषणा करनी होगी। **अत: कथन 3 सही है।**
- रमेश दलाल बनाम भारत संघ (2005):
  - वर्ष 2005 में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि मौजूदा सांसद या विधायक को चुनाव लड़ने से तब अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा जब वह दोषी ठहराया जाता है, न्यायालय द्वारा वैद्यानिक रूप से दो वर्ष या उससे अधिक के लिये कारावास की सज़ा सुनाई जाती है।

नोट :

**27.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (FCRA), 2010:

- परिचय:
- FCRA को वर्ष 1976 में आपातकाल के दौरान इस आशंका के माहौल में अधिनियमित किया गया था कि विदेशी शक्तियाँ स्वतंत्र संगठनों के वित्त पोषण के माध्यम से भारत के मामलों में हस्तक्षेप कर रही थीं।
  - ये चिंताएँ वर्ष 1969 में ही संसद में व्यक्त की जा चुकी थीं।
- कानून ने व्यक्तियों और संघों से विदेशी दान को विनियमित करने की मांग की ताकि वह "एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य के मूल्यों के अनुरूप" कार्य कर सकें।
- उद्देश्य:
- विदेशी दान प्राप्त करने के इच्छुक प्रत्येक व्यक्ति या NGO को अधिनियम के तहत पंजीकृत होने, विदेशी धन की प्राप्ति के लिये एक बैंक खाता खोलने और उस धन का उपयोग केवल उसी उद्देश्य के लिये करने की आवश्यकता है जिसके लिये प्राप्त किया गया है और जैसा कि अधिनियम में निर्धारित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम चुनाव के लिये उम्मीदवारों, पत्रकारों या अखबारों और मीडिया प्रसारण कंपनियों, न्यायाधीशों तथा सरकारी कर्मचारियों, विधायिका एवं राजनीतिक दलों के सदस्यों या उनके पदाधिकारियों और राजनीतिक प्रकृति के संगठनों द्वारा विदेशी धन प्राप्त करने पर रोक लगाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**28.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) 193 देशों की सदस्यता वाला एक अंतर-सरकारी संगठन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत विश्व मौसम विज्ञान संगठन का सदस्य देश है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इसकी उत्पत्ति अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान संगठन (IMO) से हुई है, जिसे वर्ष 1873 के वियना अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान कॉन्ग्रेस के बाद स्थापित किया गया था।
  - 23 मार्च, 1950 को WMO कन्वेंशन के अनुसमर्थन द्वारा स्थापित WMO, मौसम विज्ञान (मौसम और जलवायु), परिचालन जल विज्ञान तथा इससे संबंधित भू-भौतिकीय विज्ञान हेतु संयुक्त राष्ट्र की विशेष एजेंसी बन गई है।
  - WMO का मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है। **अत: कथन 3 सही है।**

**29.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI):

- परिचय:
- यह प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 को कार्यान्वित करने के लिये उत्तरदायी भारत सरकार का एक वैधानिक निकाय है। इसका विधिवत गठन मार्च 2009 में किया गया था।
- राघवन समिति की सिफारिशों के आधार पर एकाधिकार और अवरोधक व्यापार व्यवहार अधिनियम, 1969 (MRTP अधिनियम) को निरस्त कर दिया गया तथा इसे प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- संरचना:
- आयोग में एक अध्यक्ष और छह सदस्य होते हैं जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) एक अर्द्ध-न्यायिक निकाय है जो संबंधित अधिकारियों को सलाह देता है और अन्य मामलों से भी निपटता है। **अतः कथन 2 सही है।**

30.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

भारत-इज़रायल संबंध:

- कूटनीतिक:
- हालाँकि भारत ने वर्ष 1950 में इज़रायल को आधिकारिक रूप से मान्यता दी थी, लेकिन दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध 29 जनवरी, 1992 को स्थापित हुए।
- दिसंबर 2020 तक भारत संयुक्त राष्ट्र (UN) के 164 सदस्य देशों में से एक था, उसके  इज़रायल के साथ राजनयिक संबंध थे।
- आर्थिक और वाणिज्यिक:
- भारत और इज़राइल के बीच व्यापार कोविड-19 महामारी से पहले के 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023 जनवरी तक लगभग 7.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।
  - हीरे का व्यापार द्विपक्षीय व्यापार का लगभग 50% है।
- भारत एशिया में इज़रायल का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है और विश्व स्तर पर सातवाँ सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है।
  - इज़रायली कंपनियों ने भारत में ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार, रियल एस्टेट, जल प्रौद्योगिकियों में निवेश किया है और भारत में अनुसंधान एवं विकास केंद्र या उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।
- भारत मुक्त व्यापार समझौता (FTA) करने के लिये इज़राइल के साथ भी बातचीत कर रहा है।
  - रक्षा:
- भारत, इज़राइल से हथियारों के सबसे बड़े आयातकों में से एक है, जो इसके वार्षिक हथियारों के निर्यात में लगभग 40 प्रतिशत का योगदान देता है।
- भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले कुछ वर्षों में इज़रायली हथियार प्रणालियों की एक विस्तृत शृंखला को शामिल किया है, जिसमें फाल्कन AWACS (एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम्स), हेरॉन, सर्चर- II, हारोप ड्रोन से लेकर बराक मिसाइल रोधी रक्षा प्रणाली और स्पाइडर क्विक-रिएक्शन विमान भेदी मिसाइल प्रणाली शामिल हैं।
  - द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर 15वें संयुक्त कार्य समूह (JWG 2021) की बैठक में देशों ने सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करने हेतु एक व्यापक दस-वर्षीय रोडमैप तैयार करने के लिये टास्क फोर्स बनाने पर सहमति व्यक्त की।
- कृषि:
- मई 2021 में कृषि सहयोग में विकास के लिये "तीन वर्ष के कार्य कार्यक्रम समझौते" पर हस्ताक्षर किये गए।
- कार्यक्रम का उद्देश्य सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) को विकसित करना, नए केंद्र स्थापित करना, CoE की मूल्य शृंखला में वृद्धि करना, उत्कृष्टता केंद्रों को आत्मनिर्भर रूप में लाना और निजी क्षेत्र की कंपनियों तथा उसके सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

- विज्ञान और प्रौद्योगिकी:
  - हाल के वर्षों में इज़रायल के स्टार्ट-अप नेशनल सेंट्रल और iCreate तथा TiE (टेक्नोलॉजी बिज़नेस इन्क्यूबेटर्स) जैसे भारतीय उद्यमिता केंद्रों के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गए हैं।
  - वर्ष 2022 में, दोनों देशों ने हाल ही में भारत-इज़राइल औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और इनोवेशन फंड (I4F) के दायरे को बढ़ाया, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा और ICT (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) जैसे क्षेत्रों को शिक्षा एवं व्यावसायिक संस्थाओं की भागीदारी में वृद्धि शामिल है।

नोट :

- I4F सहमत 'फोकस सेक्टर्स' में चुनौतियों का समाधान करने के लिये भारत और इज़रायल की कंपनियों के बीच संयुक्त औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को बढ़ावा देने, सुविधा प्रदान करने और समर्थन करने के लिये दोनों देशों के बीच एक सहयोग है।

- अन्य:
  - इज़रायल भी भारत के नेतृत्त्व वाले अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) में शामिल हो रहा है, जो नवीकरणीय ऊर्जा में अपने सहयोग को बढ़ाने और स्वच्छ ऊर्जा में भागीदार बनाने के दोनों देशों के उद्देश्यों के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण है। **अत: विकल्प B सही है।**

**31.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 'रिवर-सिटीज़ एलायंस (River-Cities Alliance- RCA) जल शक्ति मंत्रालय (MoJS) एवं आवास और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) की एक संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य नदी-शहरों को जोड़ना तथा सतत् नदी केंद्रित विकास पर ध्यान आकृष्ट करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एलायंस तीन व्यापक विषयों- नेटवर्किंग, क्षमता निर्माण और तकनीकी सहायता पर केंद्रित है।
- RCA कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी केंद्रीय निगरानी समिति द्वारा केंद्रीय स्तर पर और राज्य स्तर पर राज्य के मुख्य सचिव द्वारा की जा रही है। **अत: कथन 2 सही है।**

**32.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- NPCDCS के तहत कार्यक्रम प्रबंधन और निगरानी के लिये राष्ट्रीय, राज्य और ज़िला स्तर पर NCD इकाइयाँ स्थापित की जा रही हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस कार्यक्रम के तहत NCD क्लीनिकों में आने वाले रोगियों के लिये मुफ्त नैदानिक सुविधाएँ और दवाएँ उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।
- सामान्य गैर-संचारी रोगों के शीघ्र निदान, उपचार और अनुवर्ती कार्रवाई के लिये सेवाएँ प्रदान करने हेतु ज़िला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) स्तरों पर गैर-संचारी रोग क्लीनिक स्थापित किये जा रहे हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**33.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

### अमेरिकी फेडरल रिज़र्व दर वृद्धि का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव:

- पूंजी प्रवाह: US फेडरल रिज़र्व दर में वृद्धि से अमेरिका में ब्याज दरों में वृद्धि हो सकती है, जो अन्य देशों से पूंजी प्रवाह को आकर्षित कर सकती है। इससे भारत में विदेशी निवेश में कमी आ सकती है, साथ ही यह आर्थिक विकास को प्रभावित कर सकता है।
- रुपए का मूल्यह्रास: इससे रुपए का मूल्यह्रास भी हो सकता है, जिसका प्रभाव भारत के व्यापार संतुलन और चालू खाता घाटे पर पड़ सकता है। **अत: 1 सही है।**
  - भारतीय रुपए के मूल्यह्रास के परिणामस्वरूप कच्चे तेल और अन्य वस्तुओं का आयात महँगा हो सकता है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था में आयातित मुद्रास्फीति की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। **अत: 1 सही है।**
- घरेलू उधार लागत: इससे भारत में उधार लेने की लागत में वृद्धि हो सकती है, क्योंकि निवेशक भारतीय प्रतिभूतियों के बजाय अमेरिकी प्रतिभूतियों में निवेश कर सकते हैं। इससे घरेलू निवेश में कमी और व्यवसायों एवं व्यक्तियों के लिये उच्च उधार लागत हो सकती है।
- शेयर बाज़ार: इसका असर भारत के शेयर बाज़ार पर भी पड़ सकता है। उच्च अमेरिकी ब्याज दरों से इक्विटी जैसी जोखिम भरी संपत्तियों की मांग में कमी आ सकती है, जिससे भारत में स्टॉक की कीमतों में गिरावट आ सकती है। **अत: 2 सही नहीं है।**

- बाह्य ऋण: भारत का बाह्य ऋण ज़्यादातर अमेरिकी डॉलर में दर्शाया गया है, US फेडरल रिज़र्व दर में वृद्धि से उस ऋण सेवा की लागत बढ़ सकती है, क्योंकि रुपए का मूल्य डॉलर के मुकाबले गिर सकता है। इससे भारत के बाह्य ऋण के बोझ में वृद्धि हो सकती है एवं अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। **अत: 3 सही है।**
- बैंक: बैंकिंग उद्योग को ब्याज दरों में वृद्धि से लाभ होता है, क्योंकि बैंक अपने ऋण पोर्टफोलियो को अपनी जमा दरों की तुलना में बहुत तेज़ी से पुनर्मूल्यांकित करते हैं, जिससे उन्हें अपना शुद्ध ब्याज मार्जिन बढ़ाने में मदद मिलती है।

**34.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- CPEC चीन के उत्तर-पश्चिम झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र और पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को जोड़ने वाली बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का 3,000 किलोमीटर लंबा मार्ग है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह पाकिस्तान और चीन के बीच एक द्विपक्षीय परियोजना है, जिसका उद्देश्य ऊर्जा, औद्योगिक एवं अन्य बुनियादी ढाँचा विकास परियोजनाओं के साथ राजमार्गों, रेलवे तथा पाइपलाइनों के नेटवर्क के साथ पूरे पाकिस्तान में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह चीन के लिये ग्वादर बंदरगाह से मध्य-पूर्व और अफ्रीका तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे चीन को हिंद महासागर तक पहुँचने में मदद मिलेगी तथा बदले में चीन पाकिस्तान के ऊर्जा संकट को दूर करने और लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिये पाकिस्तान में विकास परियोजनाओं का समर्थन करेगा।
- CPEC बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का एक हिस्सा है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**35.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

## अरब लीग


- हाल ही में सीरिया को एक दशक से अधिक समय तक निलंबन के बाद अरब लीग ने फिर से संगठन में शामिल कर लिया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर हिंसक होने के बाद वर्ष 2011 में सीरिया को अरब लीग से निलंबित कर दिया गया था।
- अरब लीग ने सीरिया पर शांति योजना का पालन नहीं करने का आरोप लगाया, जिसमें सैन्य बलों की वापसी, राजनीतिक कैदियों की रिहाई एवं विपक्षी समूहों के साथ बातचीत शुरू करने का आह्वान किया गया था।
- अरब लीग, जिसे लीग ऑफ अरब स्टेट्स (LAS) भी कहा जाता है, मध्य पूर्व एवं उत्तरी अफ्रीका के सभी अरब राज्यों का अंतर-सरकारी अखिल-अरब संगठन है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - वर्तमान में 22 अरब देश हैं: अल्जीरिया, बहरीन, कोमोरोस, ज़िबूती, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मॉरिटानिया, मोरक्को, ओमान, फिलिस्तीन, कतर, सऊदी अरब, सोमालिया, सूडान, सीरिया, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यमन।
- वर्ष 1944 में अलेक्जेंड्रिया प्रोटोकॉल को अपनाने के बाद 22 मार्च, 1945 को काहिरा, मिस्र में इसका गठन किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**




36.

उत्तर: D

व्याख्या:




- अत: विकल्प D सही है।

37.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत के आयातित कृषि बास्केट में इसके निर्यात की तुलना में कृषि उत्पादों की हिस्सेदारी कम है।
- आयातों में सबसे महत्त्वपूर्ण वनस्पति तेल है, जिसका आयात वर्ष 2019-20 और 2022-23 के बीच मूल्य के लिहाज से दोगुने से भी अधिक हो गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- हाल के दिनों में समुद्री उत्पाद, चावल और चीनी भारत के कृषि निर्यात के पीछे प्रेरक शक्ति रहे हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - समुद्री उत्पाद: समुद्री उत्पाद का निर्यात वर्ष 2013-14 के 5.02 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 8.08 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।
  - चावल: इस अवधि के दौरान चावल का निर्यात भी 7.79 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 11.14 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है।

**38.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## पीटर्सबर्ग जलवायु संवाद 2023:

- जलवायु परिवर्तन पर पीटर्सबर्ग संवाद का आयोजन बर्लिन, जर्मनी में 2-3 मई, 2023 को जर्मनी और संयुक्त अरब अमीरात द्वारा किया गया था, जो संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मलेन (UNFCCC) के पक्षकारों के 28वें सम्मेलन (COP28) की मेज़बानी कर रहे हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- पीटर्सबर्ग जलवायु संवाद संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP) से पहले आयोजित एक वार्षिक उच्च स्तरीय राजनीतिक और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मंच है।
- इसका केंद्रीय लक्ष्य बहुपक्षीय जलवायु वार्ताओं और राज्यों के बीच विश्वास को सुदृढ़ करना है।
- यह संवाद जलवायु अनुकूलन, जलवायु वित्त एवं नुकसान और क्षति से निपटने पर केंद्रित है। **अतः कथन 2 सही है।**

## संवाद के मुख्य निष्कर्ष:

- स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की आवश्यकता:
- वैश्विक नवीकरणीय लक्ष्य:
- जीवाश्म ईंधन फेज़आउट:
  - COP28 के अध्यक्ष ने वर्ष 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने और उसके बाद वर्ष 2040 में दोगुना करने का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों से नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता निर्माण में तेज़ी लाने और व्यवहार्य, शून्य-कार्बन विकल्पों को चरणबद्ध करते हुए जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। **अतः कथन 3 सही है।**

**39.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

## मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (MMLP):

- परिचय:
  - MMLP एक परिवहन हब है जो रसद आपूर्ति का कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिये परिवहन के विभिन्न साधनों को एकीकृत करता है।
  - ये लॉजिस्टिक्स पार्क सामान्यतः प्रमुख परिवहन नोड्स, जैसे- बंदरगाहों, हवाई अड्डों और राजमार्गों के पास स्थित होते हैं।
  - यह भंडारण, वितरण और मूल्यवर्द्धित सेवाओं जैसे- पैकेजिंग और लेबलिंग की सुविधाओं के साथ रसद आपूर्ति की एक बड़ी मात्रा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये डिज़ाइन किये गए हैं।
- भारत में MMLP की स्थिति:
  - आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (Cabinet Committee on Economic Affairs- CCEA) ने भारतमाला परियोजना के तहत 35 MMLP विकसित करने हेतु सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (Ministry of Road Transport and Highways- MoRTH) को अधिकृत किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- MMLP को बंगलूरू, चेन्नई, गुवाहाटी और नागपुर लागू किया जा रहा है।
- MMLP को सार्वजनिक निजी भागीदारी (Public Private Partnership- PPP) के तहत डिज़ाइन, बिल्ड, फाइनेंस, ऑपरेट और ट्रांसफर (DBFOT) मोड पर विकसित किया जाना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (National Highways and Logistics Management- NHAI) के पूर्ण स्वामित्त्व वाला विशेष उद्देश्य वाहन (Special Purpose Vehicle- SPV) राष्ट्रीय राजमार्ग और लॉजिस्टिक्स प्रबंधन (National Highways and Logistics Management- NHLML) प्रस्तावित MMLP के अधिकांश हिस्से को PPP मोड में बनाने की योजना बना रहा है।

**40.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

## एकता एवं श्रद्धांजलि अभियान:

- इसे 64वें सीमा सड़क संगठन दिवस समारोह के एक भाग के रूप में राष्ट्र निर्माण में अपने कर्मयोगियों के बलिदान एवं योगदान को याद करने हेतु लॉन्च किया गया है। **अतः विकल्प D सही है।**
- यह मोटरसाइकिल और कारों की टीम के साथ एक बहु-मॉडल अभियान है जो देश के उत्तर-पूर्व और उत्तरी क्षेत्रों में शुरू हुआ।

**41.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- नेशनल ई-गवर्नेंस डिवीज़न (NeGD) ने अपनी क्षमताओं में बढ़ोतरी के उद्देश्य से एक विशेष परियोजना के तहत 36वें मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (Chief Information Security Officers- CISO) विस्तृत विश्लेषण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। नई दिल्ली के भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित इस अभ्यास सत्र में केंद्रीय मंत्रालयों और राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रशिक्षण कार्यक्रम साइबर सुरक्षित भारत पहल के तहत आयोजित कार्यशालाओं की श्रृंखला का एक हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- साइबर सुरक्षित भारत पहल: साइबर सुरक्षित भारत पहल की संकल्पना साइबर अपराध के बारे में जागरूकता फैलाने और सभी सरकारी विभागों में मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों (CISOs) एवं अग्रिम पंक्ति के सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारियों की क्षमता निर्माण के मिशन के साथ की गई थी।
- इसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Ministry of Electronics and Information Technology- MeitY) द्वारा वर्ष 2018 में राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीज़न (NeGD) तथा भारत में विभिन्न उद्योग भागीदारों के सहयोग से लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी विस्तृत विश्लेषण प्रशिक्षण कार्यक्रम: यह प्रशिक्षण सार्वजनिक निजी भागीदारी (Public Private Partnership- PPP) मॉडल के तहत सरकार और उद्योग संघों के बीच अपनी तरह की पहली साझेदारी है।

## उद्देश्य:

- साइबर खतरों के उभरते परिदृश्य को लेकर जागरूकता उत्पन्न करना।
- साइबर संबंधित समाधानों की गहन समझ प्रदान करना।
- साइबर सुरक्षा से संबंधित रूपरेखा, दिशा-निर्देश और नीतियों का निर्माण करना।
- सफलता और असफलताओं से सीखने के लिये सर्वोत्तम अभ्यासों को साझा करना।
- साइबर सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर उनके संबंधित कार्यात्मक क्षेत्र में सूचित निर्णय लेने के लिये महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना।

**42.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- औरोरा एक चमकदार परिघटना है जो उत्तरी ध्रुवों (ऑरोरा बोरियालिस) और दक्षिणी ध्रुवों (ऑरोरा ऑस्ट्रेलिस) के नज़दीक देखी जाती है।
- ये पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और वायुमंडल के साथ सूर्य से आवेशित कणों की परस्पर क्रिया के कारण होती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- ऑरोरा ऑक्सीजन और नाइट्रोजन के गैसों और कणों से मिलकर बनती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन कणों के वायुमंडल से टकराने से प्रकाश के रूप में ऊर्जा उत्सर्जित होती है।
- ऑरोरा में देखे गए रंग गैस के प्रकार और उसके टकराव की ऊँचाई पर निर्भर करते हैं।
- भू-चुंबकीय तूफान और ऑरोरा:
  - भू-चुंबकीय तूफान, कोरोनल मास इजेक्शन (CME) और सौर फ्लेयर्स जैसी सौर परिघटनाओं से उत्पन्न होते हैं, जो ऑरोरा की गतिविधियों में वृद्धि करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
    - CME, सूर्य से उत्सर्जित प्लाज़्मा और चुंबकीय क्षेत्र का विस्फोट है, जबकि सौर ज्वालाएँ ऊर्जा का विस्फोट हैं।
    - CME अक्सर सौर ज्वालाओं के साथ होते हैं, ये विस्फोट सूर्य की सतह पर होते हैं, हालाँकि वे स्वतंत्र रूप से घटित होने के लिये भी जाने जाते हैं।

**43.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

हाल ही में भारतीय सेना ने निर्णय लिया है कि 1 अगस्त, 2023 से ब्रिगेडियर और उससे ऊपर के रैंक के सभी अधिकारी सामान्य पहचान और दृष्टिकोण को बढ़ावा देने तथा मज़बूत करने हेतु अपने कैडर एवं नियुक्ति के बावजूद समान वर्दी पहनेंगे।

- वर्तमान स्थिति:
  - भारतीय सेना की विभिन्न शाखाएँ अपने रेजिमेंटल या कोर संबद्धता के आधार पर अलग-अलग वर्दी पहनती हैं, जैसे बेरेट, डोरी और रैंक के बैज।
    - अतिरिक्त पोशाक या उपकरण जो वर्दी या पोशाक को पूरा करने के लिये विशेष रूप से सैन्यकर्मियों द्वारा पहने जाते हैं।
  - इन्फैंट्री अधिकारी और सैन्य खुफिया अधिकारी गहरे हरे रंग की टोपी पहनते हैं, बख्तरबंद वाहिनी के अधिकारी काली टोपी पहनते हैं और अन्य वाहिनी अधिकारी गहरे नीले रंग की टोपी पहनते हैं। सैन्य पुलिस कोर के अधिकारी लाल रंग की टोपी पहनते हैं।
  - वर्तमान में लेफ्टिनेंट से जनरल रैंक तक के सभी अधिकारी अपने रेजिमेंटल या सैन्य-दल संबद्धता के अनुसार वर्दी पहनते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कर्नल और उससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी को ब्रिटिश सेना में कर्मी/स्टाफ की वर्दी कहा जाता है, भारतीय सेना की वर्दी पैटर्न और संबंधित प्रतीक इसी से प्रेरित है। यह इसे रेजिमेंटल वर्दी से भिन्न बनाता है। **अतः कथन 1 सही है।**

**44.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पेट्रोल, 5-12 कार्बन परमाणुओं की लंबी श्रृंखला के साथ अल्केन्स और साइक्लोक्लकेन्स के मिश्रण से बना होता है। इनका क्वथनांक 40°C से 205°C के बीच होता है।
- गैस ऑइल या डीज़ल 12 या अधिक कार्बन परमाणुओं वाले एल्केन्स से बना होता है। इनका क्वथनांक 250°C और 350°C के बीच होता है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- पेट्रोल पॉवरट्रेन की तुलना में डीज़ल इंजन में उच्च ईंधन बचत होती है, जो प्रति लीटर डीज़ल की अधिक ऊर्जा सामग्री और डीज़ल इंजन की अंतर्निहित दक्षता से उत्पन्न होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- डीज़ल इंजन उच्च-वोल्टेज स्पार्क इग्निशन (स्पार्क प्लग) का उपयोग नहीं करते हैं, क्योंकि इनके पास उच्च संपीड़न अनुपात होता है, जिससे यह भारी वाहनों में अधिक प्रयोग होता है।
- इसके अतिरिक्त डीज़ल इंजन अधिक टॉर्क (घूर्णी या टर्निंग फोर्स) प्रदान करते हैं, इनके स्थिर होने की संभावना कम होती है क्योंकि वे एक यांत्रिक या इलेक्ट्रॉनिक गवर्नर द्वारा नियंत्रित होते हैं, जो ढुलाई के लिये बेहतर साबित होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**45.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- रवींद्रनाथ टैगोर, जिन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है, एक असाधारण साहित्यकार और बहुज्ञ थे, जिन्हें बंगाली साहित्य एवं संगीत में योगदान के लिये जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- बंगाली कैलेंडर के अनुसार, 'रवींद्रनाथ टैगोर जयंती' बंगाली माह बैशाख के 25वें दिन मनाई जाती है और यह 9 मई, 2023 को मनाई गई।
- टैगोर द्वारा 2000 से अधिक गीतों की रचना की गई, जिसे "रवींद्र संगीत" कहा जाता है तथा गीतांजलि जैसी उनकी प्रसिद्ध रचनाओं ने एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है। **अत: कथन 3 सही है।**
- वर्ष 1913 में साहित्य में पहले गैर-यूरोपीय नोबेल पुरस्कार विजेता के रूप में, वे कलात्मक उत्कृष्टता के प्रतीक बन गए। टैगोर के दर्शन और विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना पीढ़ियों को प्रेरित करती रही है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**46.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (Carbon Border Adjustment Mechanism- CBAM) "फिट फॉर 55 इन 2030 पैकेज" का एक घटक है, जो वर्ष 1990 के स्तर की तुलना में वर्ष 2030 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कम-से-कम 55% की कटौती करके यूरोपीय जलवायु कानून का पालन करने की यूरोपीय संघ की रणनीति है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इन उत्सर्जन को ऑफसेट करने हेतु आयातकों को CBAM प्रमाणपत्रों की एक समान संख्या को सरेंडर करने की आवश्यकता होगी, जिसकी कीमत EU एमिशन ट्रेडिंग सिस्टम (ETS) भत्ते के साप्ताहिक औसत नीलामी मूल्य प्रति टन यूरो $CO_2$ उत्सर्जन पर आधारित होगी।
- CBAM नीति उपकरण है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करके कार्बन उत्सर्जन को कम करना है कि आयातित सामान यूरोपीय संघ के भीतर उत्पादित उत्पादों के समान कार्बन लागत के अधीन हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**47.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) वैश्विक धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण पर नज़र रखने वाली संस्था है, जिसकी स्थापना वर्ष 1989 में पेरिस में विकसित देशों की G-7 बैठक में की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अमेरिका पर 9/11 के हमले के बाद FATF ने वर्ष 2001 में आतंकवादी वित्तपोषण से निपटने के प्रयासों को शामिल करने के अपने जनादेश का विस्तार किया।
- सामूहिक विनाश के हथियारों (WMD) के विस्तार के वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिये FATF ने अतिरिक्त प्रयास किया। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

**48.**

उत्तर: (b)

**व्याख्या:**

- स्वतंत्रता के बाद परमवीर चक्र, महावीर चक्र और वीर चक्र नामक पहले तीन वीरता पुरस्कार 26 जनवरी, 1950 को भारत सरकार द्वारा स्थापित किये गए थे और 15 अगस्त, 1947 से प्रभावी माने गए थे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- कीर्ति चक्र, शांतिकाल का दूसरा सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार, महावीर चक्र के समतुल्य शांतिकाल का पुरस्कार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वीरता पुरस्कारों की घोषणा वर्ष में दो बार की जाती है- पहले, गणतंत्र दिवस के अवसर पर और फिर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर। **अतः कथन 3 सही है।**

**49.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने अपशिष्ट तेल पर विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (EPR) पर एक ड्राफ्ट अधिसूचना पेश की है। **अतः कथन 1 सही है।**
- EPR उत्पादकों को उनके जीवन चक्र के दौरान उनके उत्पादों के पर्यावरणीय प्रभावों के लिये उत्तरदायी बनाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- EPR विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट पर लागू होता है, जिसमें प्लास्टिक अपशिष्ट , ई-अपशिष्ट और बैटरी अपशिष्ट शामिल है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- ई-वेस्ट (प्रबंधन एवं नियामक) नियम, 2011 ने भारत में पहली बार EPR की अवधारणा पेश की।

50.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अटल पेंशन योजना (APY) को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (National Pension System- NPS) के माध्यम से पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (Pension Fund Regulatory and Development Authority- PFRDA) द्वारा प्रशासित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) का संचालन LIC या किसी अन्य जीवन बीमा कंपनी द्वारा बैंकों/डाकघर की साझेदारी में किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY) दुर्घटना के कारण मृत्यु या विकलांगता हेतु एक वर्ष की दुर्घटना बीमा योजना है जो वर्ष-दर-वर्ष नवीकरणीय है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**51.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- विकरणशील बल (Radiative Forcing) आने वाली सौर विकिरण और बाहर जाने वाली विकिरण के बीच का अंतर है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सकारात्मक विकिरण बल का अर्थ है कि आने वाली सौर ऊर्जा की मात्रा बाहर जाने वाली ऊर्जा की मात्रा से अधिक है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- नकारात्मक विकिरण बल का अर्थ है कि बाहर जाने वाली ऊर्जा की मात्रा आने वाली ऊर्जा की मात्रा से अधिक है। यह पृथ्वी के वायुमण्डल तंत्र को शीतलित करता है।

**नोट :**

52.

उत्तर: C

व्याख्या:

### भारत में केंद्रशासित प्रदेशों का प्रशासन:

- संविधान का भाग VIII (अनुच्छेद 239 से 241) केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में केंद्रशासित प्रदेशों को राष्ट्रपति द्वारा उनके द्वारा नियुक्त प्रशासक के माध्यम से प्रशासित किया जाता है। यह प्रशासक निर्वाचित नहीं बल्कि राष्ट्रपति का एक प्रतिनिधि होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - कुछ केंद्रशासित प्रदेशों में, जैसे कि दिल्ली और पुदुचेरी में प्रशासक के पास महत्त्वपूर्ण शक्तियाँ होती हैं जिसमें केंद्रशासित प्रदेश (UT) के लिये कानून और नियम बनाने की शक्ति भी शामिल है।
  - लक्षद्वीप तथा दादरा और नगर हवेली जैसे अन्य केंद्रशासित प्रदेशों में प्रशासक की शक्तियाँ चुनी हुई सरकार को सलाह देने तक सीमित हैं।
- केंद्रशासित प्रदेशों में न्यायपालिका भी संविधान और संसद द्वारा बनाए गए कानूनों से शासित होती है। हालाँकि कुछ केंद्रशासित प्रदेशों में, जैसे कि दिल्ली उच्च न्यायालय के पास अन्य केंद्रशासित प्रदेशों, जैसे- लक्षद्वीप की तुलना में व्यापक शक्तियाँ हैं।
- पुदुचेरी (वर्ष 1963 में), दिल्ली (वर्ष 1992 में) और वर्ष 2019 में जम्मू और कश्मीर (अभी गठित की जानी है) के केंद्रशासित प्रदेशों को एक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक विधानसभा तथा एक मंत्रिपरिषद प्रदान की गयी है। **अतः कथन 3 सही है।**

53.

उत्तर: B

व्याख्या:

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा एक शिक्षण प्रबंधन सूचना प्रणाली (LMIS) सक्षम (सतत् स्वास्थ्य प्रबंधन के लिये उन्नत ज्ञान को प्राप्त करना) की शुरुआत की है।
  - यह देश भर के सभी स्वास्थ्य पेशेवरों को ऑनलाइन प्रशिक्षण और चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने के लिये एक व्यापक डिजिटल शिक्षण मंच के रूप में कार्य करता है। **अतः युग्म 2 सही है।**
- भारतीय रेलवे ने अपने कर्मचारियों की दक्षता को बढ़ावा देने के लिये देश की सबसे बड़ी समयबद्ध "अपस्किलिंग" प्रोजेक्ट सक्षम परियोजना शुरू की है। अतः युग्म 1 सही है।
- प्रोजेक्ट सशक्त का प्रस्ताव PNB के अध्यक्ष सुनील मेहता के नेतृत्व वाले एक पैनल द्वारा किया गया था। 90 दिनों की समय सीमा के साथ 50 करोड़ रुपए तक के अशोध्य ऋणों का प्रबंधन बैंक स्तर पर किया जाएगा। 50-500 करोड़ रूपए के अशोध्य ऋणों के लिये, बैंक अंतर-ऋणदाता समझौता करेंगे और अग्रणी बैंक को 180 दिनों में समाधान योजना लागू करने के लिये अधिकृत करेंगे या संपत्ति को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) को संदर्भित करेंगे। 500 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण के लिये, पैनल ने AIF के माध्यम से संस्थागत वित्त पोषण द्वारा समर्थित एक स्वतंत्र AMC की सिफारिश की। इसका मकसद स्ट्रेस्ड एसेट्स को मज़बूत करने में मदद करना है। **अतः युग्म 3 सही नहीं है।**

54.

उत्तर. A

व्याख्या:

- उपचुनाव, जिसे विशेष चुनाव के रूप में भी जाना जाता है, भारत के विधायी निकायों में रिक्त सीटों को भरने के लिये आयोजित चुनावों को संदर्भित करता है।
- यह व्यापक चुनावी चक्र के भीतर एक महत्त्वपूर्ण घटक के रूप में कार्य करता है और अप्रत्याशित रिक्तियों को संबोधित करके नियमित चुनावों को पूर्ण करता है।

नोट :

- उपचुनावों का प्राथमिक उद्देश्य रिक्त सीटों की समय पर फाइलिंग सुनिश्चित करना है, जिससे विधायी निकाय में प्रभावित निर्वाचन क्षेत्र या ज़िले का प्रतिनिधित्व हो सके। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- उपचुनाव तब आयोजित किये जाते हैं जब विधायिका में कोई सीट निलंबन, इस्तीफे, अयोग्यता या मौजूदा सदस्य के निष्कासन जैसे कारणों से खाली हो जाती है।
- निर्धारित समय-सीमा:
- जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 151A निर्वाचनआयोग को संसद और राज्य विधानमंडलों के सदनों में आकस्मिक रिक्तियों की तारीख से छह महीने के भीतर उपचुनावों के माध्यम से भरने हेतु अधिदेशित करती है, बशर्ते कि कार्यकाल की शेष अवधि एक वर्ष या उससे अधिक हो।
- इसलिये यदि लोक सभा की शेष अवधि सीट खाली होने की तारीख से एक वर्ष से कम है तो उपचुनाव कराने की कोई आवश्यकता नहीं है।**अतः कथन 1 सही है।**

**55.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हाल ही में एक अध्ययन रिपोर्ट "द रेस टू नेट ज़ीरो: एक्सेलेरेटिंग क्लाइमेट एक्शन इन एशिया एंड द पैसिफिक" में एशिया एवं प्रशांत के लिये संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (UNESCAP) ने खुलासा किया है कि एशिया एवं प्रशांत के अधिकांश देशों के पास चरम मौसमी घटनाओं तथा प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पन्न बढ़ते खतरों का प्रबंधन करने हेतु पर्याप्त संसाधन नहीं हैं।**अतः कथन 1 सही है।**
- UNESCAP एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिये संयुक्त राष्ट्र की क्षेत्रीय विकास शाखा है। इसका मुख्यालय थाईलैंड में बैंकॉक में स्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- एशिया-प्रशांत क्षेत्र दुनिया के आधे से अधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**56.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

## जल शक्ति अभियान: कैच द रेन 2023 अभियान

- हाल ही में राष्ट्रीय जल मिशन (NWM), जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग (DoWR), जल शक्ति मंत्रालय ने जनपथ, नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में कार्यशाला-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह उन केंद्रीय नोडल अधिकारियों (CNO) और तकनीकी अधिकारियों (TO) के लिये था, जो 'जल शक्ति अभियान: कैच द रेन'- 2023 (JSA: CTR) का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिये जल की कमी से जूझ रहे 150 ज़िलों का दौरा करेंगे। **अतः विकल्प A सही है।**
- JSA: CTR - 2023 वर्ष 2019 से शुरू किये गए जल शक्ति अभियान शृंखला की चौथी कड़ी है और इसका उद्देश्य पूरे भारत के 150 ज़िलों में जल तनाव या 'वाटर स्ट्रेस' (Water Stress) को दूर करना है तथा जल संरक्षण, जल निकायों के नवीनीकरण, बोर वेल रिचार्ज, वाटरशेड विकास और वनीकरण पर ध्यान केंद्रित करना है।

**57.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023:

- प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 के अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के साथ ही 11 से 14 मई तक आयोजित होने वाला राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के 25वाँ वर्ष समारोह भी प्रारंभ हुआ। इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश में 5,800 करोड़ रुपए से अधिक की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति से जुड़ी कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

- जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई उनमें लेज़र इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल वेव ऑब्ज़र्वेटरी- इंडिया (लिगो-इंडिया), हिंगोली; होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, जटनी, ओडिशा; टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई का प्लेटिनम जुबली ब्लॉक शामिल हैं।
- राष्ट्र को समर्पित परियोजनाओं में फीज़न मोलिब्डेनम-99 उत्पादन केंद्र, मुंबई; रेअर अर्थ परमानेट मेगनेट प्लांट, विशाखापत्तनम; नेशनल हैड्रॉन बीम थेरेपी सुविधा, नवी मुंबई; रेडियोलॉजिकल रिसर्च यूनिट, नवी मुंबई; होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, विशाखापत्तनम; महिला और बाल कैंसर अस्पताल भवन, नवी मुंबई शामिल हैं।
- इस कार्यक्रम का विषय 'स्कूल टू स्टार्टअप्स-इग्नाइटिंग यंग माइंड्स टू इनोवेट' था। अटल टिंकरिंग लैब्स और अटल इनोवेशन सेंटर जैसी सरकारी पहल भारत में नवाचार और उद्यमिता का पोषण कर रही है।
- प्रधानमंत्री ने भारत के इतिहास में 11 मई के महत्त्व पर भी प्रकाश डाला क्योंकि यह उस दिन को चिह्नित करता है जब भारत के वैज्ञानिकों ने वर्ष 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की थी। **अत: विकल्प B सही है।**

**58.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

बहुविवाह से संबंधित न्यायिक दृष्टिकोण:

- परयांकंडियाल बनाम के. देवी और अन्य (1996):
  - सर्वोच्च न्यायालय ने निष्कर्ष निकाला कि एक विवाह वाले रिश्ते हिंदू समाज के मानक और विचारधारा थे, जो दूसरे विवाह की निंदा और उसका तिरस्कार करते थे।
  - धर्म के प्रभाव के कारण बहुविवाह को हिंदू संस्कृति का अंग नहीं बनने दिया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- बॉम्बे राज्य बनाम नरसु अप्पा माली (1951):
  - बॉम्बे उच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया कि बॉम्बे (हिंदू द्विविवाह रोकथाम) अधिनियम, 1946 भेदभावपूर्ण नहीं था।
  - सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय सुनाया कि एक राज्य विधायिका के पास लोक कल्याण और सुधार उपायों को लागू करने का अधिकार है, भले ही वह हिंदू धर्म या रीति-रिवाजों का उल्लंघन करता हो।
- जावेद और अन्य बनाम हरियाणा राज्य एवं अन्य (2003):
  - सर्वोच्च न्यायालय ने यह फैसला सुनाया कि स्वतंत्रता, सामाजिक सद्भाव, गरिमा और कल्याण अनुच्छेद 25 के अंतर्गत आते हैं।
  - मुस्लिम कानून चार महिलाओं से विवाह की अनुमति प्रदान करता है, लेकिन यह अनिवार्य नहीं है।
  - यह चार महिलाओं से शादी नहीं करने के लिये धार्मिक प्रथा का उल्लंघन नहीं होगा। **अत: कथन 2 सही है।**

**59.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

प्रवर्तन निदेशालय

- हाल ही में केंद्र ने सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया है कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) के प्रमुख का कार्यकाल नवंबर 2023 से आगे जारी नहीं रहेगा।
- नवंबर 2021 में भारत के राष्ट्रपति ने दो अध्यादेश जारी किये, जिसमें तीन वर्ष के विस्तार की संभावना के साथ ED के निदेशक के कार्यकाल को दो साल से बढ़ाकर पाँच साल करने की अनुमति दी गई।
- इस कदम को सर्वोच्च न्यायालय ने बरकरार रखा, जिसने ED प्रमुख के विस्तार की अनुमति दी लेकिन केवल दुर्लभ और असाधारण मामलों में छोटी अवधि के लिये।
  - सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि दो साल की अवधि के बाद ED को नियुक्त करने की केंद्र सरकार की शक्ति पर कोई प्रतिबंध नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- ED एक बहु-अनुशासनात्मक संगठन है जो मनी लॉन्ड्रिंग के अपराधों और विदेशी मुद्रा कानूनों के उल्लंघन की जाँच करता है।
  - यह वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के अधीन कार्य करता है।
- प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 (PMLA): FATF इंडिया की सिफारिशों के बाद PMLA अधिनियमित किया गया।
  - ED को अपराध की आय से प्राप्त संपत्ति का पता लगाने एवं जाँच करने, संपत्ति को अनंतिम रूप से कुर्क करने और विशेष अदालत द्वारा अपराधियों के खिलाफ मुकदमा चलाने तथा संपत्ति की जब्ती सुनिश्चित करने हेतु PMLA के प्रावधानों को क्रियान्वित करने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। **अत: कथन 2 सही है।**

**60.**

**उत्तर. B**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 239AA यह भी कहता है कि उपराज्यपाल को या तो मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर कार्य करना होगा अथवा वह राष्ट्रपति द्वारा लिये गए निर्णय को लागू करने के लिये बाध्य होगा। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- साथ ही अनुच्छेद 239AA में यह व्यवस्था है कि उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच किसी मुद्दे पर मतभेद होने पर उपराज्यपाल मामले को राष्ट्रपति के पास भेज सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**61.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भोपाल संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs) पर प्रगति की निगरानी करने वाला भारत का पहला शहर बन गया है। यह संयुक्त राष्ट्र द्वारा अनिवार्य सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को स्थानीय बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है।
  - SDG हासिल करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता और क्षमता प्रदर्शित करने हेतु स्वैच्छिक स्थानीय समीक्षा (Voluntary Local Reviews- VLR) को अपनाने वाला यह भारत का पहला शहर बन गया है।
- वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सभी 193 सदस्य देशों ने एजेंडा 2030 को अपनाया, जिसमें 17 SDG और 169 प्रयोजन शामिल हैं।
  - सदस्य राज्य संयुक्त राष्ट्र के उच्च-स्तरीय राजनीतिक मंच (HLPF) को प्रस्तुत स्वैच्छिक राष्ट्रीय समीक्षाओं (VNRs) के माध्यम से इन लक्ष्यों की दिशा में अपनी प्रगति की रिपोर्ट करते हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

**62.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- मीथेन सबसे सरल हाइड्रोकार्बन है, जिसमें एक कार्बन परमाणु और चार हाइड्रोजन परमाणु ($CH_4$) होते हैं।
- मीथेन शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है। वातावरण में अपने जीवनचक्र के पहले 20 वर्षों में मीथेन में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में तापन शक्ति 80 गुना से अधिक होती है।
- कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में वातावरण में इसका जीवनकाल कम होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- मीथेन उत्सर्जन में कटौती के लिये वैश्विक पहल
  - मीथेन अलर्ट एंड रिस्पांस सिस्टम (MARS) बड़ी मात्रा में मौजूदा और भविष्य के उपग्रहों से डेटा एकीकृत करेगा, जो दुनिया में कहीं भी मीथेन उत्सर्जन की घटनाओं का पता लगाने की क्षमता रखता है तथा संबंधित हितधारकों को इस पर कार्रवाई करने के लिये सूचनाएँ भेजता है।
    - MARS को UNEP के अंतर्राष्ट्रीय मीथेन उत्सर्जन वेधशाला (UNFCCC COP27 पर) द्वारा लॉन्च किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा: वर्ष 2021 में ग्लासगो जलवायु सम्मेलन, CoP26 में लगभग 100 देश स्वैच्छिक प्रतिज्ञा में एक साथ आए थे, जिसे वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा के रूप में संदर्भित किया गया था, इसका उद्देश्य वर्ष 2020 के स्तर से वर्ष 2030 तक मीथेन उत्सर्जन में कम-से-कम 30% की कमी करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - भारत वैश्विक मीथेन प्रतिज्ञा का हिस्सा नहीं है।

नोट :

63.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

समुद्र शक्ति-23:

- भारत-इंडोनेशिया द्विपक्षीय अभ्यास, समुद्र शक्ति -23 का चौथा संस्करण, INS कवारत्ती के रूप में शुरू हुआ, जो स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित ASW कार्वेट है, जो बाटम, इंडोनेशिया पहुँचा है। 14-19 मई, 2023 तक होने वाले इस अभ्यास का उद्देश्य भारतीय और इंडोनेशियाई नौसेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता, संयुक्तता और सहयोग को बढ़ाना है। **अतः विकल्प A सही है।**
- INS कवारत्ती के साथ एक भारतीय नौसेना डोर्नियर समुद्री गश्ती विमान और चेतक हेलीकॉप्टर भी भाग ले रहे हैं। इंडोनेशियाई नौसेना का प्रतिनिधित्त्व KRI सुल्तान इस्कंदर मुदा, CN 235 समुद्री गश्ती विमान और AS565 पैंथर हेलीकाप्टर द्वारा किया जा रहा है।
- भारत और इंडोनेशिया के बीच अन्य गरुड़ शक्ति अभ्यास है, जो एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है। CORPAT भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाओं के बीच एक समन्वित गश्ती अभ्यास है, जिसका उद्देश्य अंडमान सागर और मलक्का जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा और सहयोग को बढ़ाना है।




64.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

माइटोकॉन्ड्रिया :

- परिचय:
  - माइटोकॉन्ड्रिया अधिकांश यूकेरियोटिक जीवों की कोशिकाओं में पाए जाने वाले झिल्ली-बद्ध अंग हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - उन्हें अक्सर कोशिकाओं के "पावर हाउस" के रूप में जाना जाता है क्योंकि वे एडीनोसिन ट्राइफॉस्फेट (ATP) के रूप में सेल की अधिकांश ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- कार्य:
  - माइटोकॉन्ड्रिया कोशिकीय श्वसन की एक प्रक्रिया को पूरा करते हैं जो पोषक तत्त्वों को ATP में परिवर्तित करती है।
  - माइटोकॉन्ड्रिया कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन से ऊर्जा को कोशिका के लिये उपयोगी रूप में परिवर्तित करता है।

- वे ATP का उत्पादन करने के लिये ग्लूकोज़ का चयापचय करते हैं, जो विभिन्न सेलुलर प्रक्रियाओं को शक्ति प्रदान करता है।
- माइटोकॉन्ड्रिया सेल सिग्नलिंग पाथवे में भाग लेते हैं, सेल की वृद्धि, विभेदन और एपोप्टोसिस जैसी प्रक्रियाओं को प्रभावित करते हैं।

- विरासत:
  - माइटोकॉन्ड्रिया का अपना DNA होता है, जिसे माइटोकॉन्ड्रियल DNA (mtDNA) के रूप में जाना जाता है, जो आवश्यक प्रोटीन की एक छोटी संख्या को कूटबद्ध करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - अधिकांश पशुओं में mtDNA पूरी तरह से माँ से विरासत में मिला होता है।
  - mtDNA में उत्परिवर्तन से माइटोकॉन्ड्रिया (सूत्रकणिका) विकार और विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियाँ हो सकती हैं।

**65.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

## दुर्लभ खनिज:

- परिचय:
  - दुर्लभ खनिज ऐसे तत्त्व हैं जो आधुनिक युग में महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों की बुनियाद हैं और इनकी कमी की वजह से पूरी दुनिया में आपूर्ति शृंखला पर असर पड़ा है।
  - इन खनिजों का उपयोग अब मोबाइल फोन और कंप्यूटर बनाने से लेकर बैटरी, इलेक्ट्रिक वाहन (EV) तथा हरित प्रौद्योगिकी जैसे सौर पैनल एवं पवन टरबाइन बनाने में किया जाता है।
- प्रमुख दुर्लभ खनिज:
  - EV बैटरी बनाने के लिये ग्रेफाइट, लिथियम और कोबाल्ट का उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - एयरोस्पेस, संचार और रक्षा उद्योग भी कई ऐसे खनिजों पर निर्भर हैं, जिनका उपयोग लड़ाकू जेट, ड्रोन, रेडियो सेट तथा अन्य महत्त्वपूर्ण उपकरणों के निर्माण में किया जाता है।
  - जबकि कोबाल्ट, निकेल और लिथियम इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग की जाने वाली बैटरी के लिये आवश्यक हैं, अर्द्धचालक और हाई-एंड इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में दुर्लभ हैं।
- खनिज सुरक्षा भागीदारी (MSP):
  - यह संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा दुर्लभ खनिज आपूर्ति शृंखलाओं को मज़बूत करने की पहल है।
- भागीदार:
  - ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फिनलैंड, फ्राँस, जर्मनी, जापान, कोरिया गणराज्य, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय आयोग। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**